आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* डॉ. अम्बेडकर जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 88 | उज्जैन, मंगलवार 14 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## छन...छन... की डरावनी आवाजें...!




वैज्ञानिक युग में वीरों के लिए सजाए जाने वाले पुरातन भवन के संधारण का काम करने वालों के मध्य अजीबोगरीब डरावने घटनाक्रमों की चर्चा है। अविश्वासी इन घटनाक्रमों की चर्चा में ये सामने आ रहा है कि यहां मजदूरों को शाम के उस वक्त उन कमरों से छन...छन... की आवाजें सुनाई दे रही है। जहां वे दिन में काम कर लौटते हैं तो गलियारें में अजीबों–गरीब आकृतियां दिखाई दे रही है। कभी उपर के बडे हाल से घुंघरू की आवाज आती है तो कभी नीचे के हाल में नृत्य की आवाजे सुनाई दे रही है। मजदूरों के साथ हतप्रभ करने वाले घटनाक्रम होने की चर्चा भी वे कहते हैं जिनमें कुछ दिनों पूर्व रात के समय में एक मजदूर संधारण भवन के एक हाल में घिर गया था। आकस्मिक रूप से दरवाजा बंद हो गया। मजदूर अंदर घबरा गया... चिल्लाने लगा... दरवाजा तोडकर मजदूर को बाहर निकालना पडा। मजदूर अंदर बेहोश हो गया। मजदूरों में भय के तहत इन चचाओं को किया जा रहा है। इसकी कानाफूसी पास के तीन मंजिला भवन में बैठने वाले जिले के अफसर के सहायक तक भी पहुंचने की चर्चा है। मजदूर रात में काम को अंजाम देने से पहले घबरा रहे हैं और उनके मन में अनेक तरह की आशंकाएं उमढ–घुमड रही हैं। कभी वे पायल की आवाजों की चर्चा करते हैं तो कभी अजीब आकृतियों के देखने का जिक्र करने लगते हैं। इस दरमियान एक मजदूर के घिर जाने की चर्चा के दौरान उनके चेहरे पर भय के मारे खून सूख जाता है। आसपास के दुकानदारों के सम्मुख मजदूरों की व्यक्त चर्चा अब धीरे–धीरे दबी जुबान में एक से दुसरे तक वायरल हो रही है। प्रातः भ्रमण वाले भी इस पर चटकारे ले रहे हैं। खुसूर–फुसूर है कि वर्षो यहां नीचे न्याय की देवी का वास रहा। उपर प्रशासनिक कार्य हुआ। इस दौरान भी गाहेबगाहे इस तरह की चर्चा हुई लेकिन कोई भी सामने नहीं आया। भवन के संधारण के मजदूरों में ऐसा क्या खास है कि उन्हें छनङ्घछनङ्घ की आवाजें और अजीबोगरीब आकृतियां दृश्यमान हो रही है। ऐसा है तो ठेकेदार को इस स्थान पर सुंदर कांड के साथ हनुमान चालीसा पाठ ,भूत–प्रेत निकट नहीं आवे की चौपाई विशेष तौर पर करवा लेना चाहिए।

## पंचकोशी यात्रा के नलवा-अम्बोदिया तक पहुंची



**उज्जैन।** प्रतिवर्ष निकलने वाली पंचकोशी यात्रा शुरू होकर अब नलवा और अम्बोदिया तक पहुंच गई है। मंगलवार को श्रद्धालु जेथल होते हुए उंडासा के लिए रवाना होंगे। इस बार पंचकोशी यात्रा का विधिवत शुभारंभ 12 अप्रैल से होना था, लेकिन परंपरा के अनुसार कई श्रद्धालु दो दिन पहले ही गठरी सिर पर रखकर तपती गर्मी में पैदल यात्रा पर निकल पड़े। पटनी बाजार स्थित नागनाथ गली में भगवान नागचंद्रेश्वर को नारियल अर्पित कर आशीर्वाद लेने के बाद श्रद्धालुओं ने 118 किलोमीटर लंबी पंचक्रोशी यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा 12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल को समाप्त होगी, हालांकि सैकड़ों श्रद्धालु पहले ही यात्रा पर निकल चुके हैं।

## ट्रैंडिंग




# अमरनाथ यात्रा की घोषणा, कुल 57 दिनों तक चलेगी

## इस वर्ष 3 जुलाई से शुरूआत, 28 अगस्त रक्षाबंधन को समाप्त होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई को शुरू होगी और रक्षा बंधन यानि 28 अगस्त को समाप्त होगी, जो कुल 57 दिनों तक चलेगी। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रथम पूजा, 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आयोजित की जाएगी।

जम्मू के लोकभवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल को आफलाइन और आनलाइन दोनों तरीकों से शुरू होगा। उपराज्यपाल ने कहा कि पंजीकरण सुविधा देश भर में जेएंडके बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक की 554 शाखाओं में उपलब्ध होगी।

### प्री-पेड प्रणाली से टट्टू,पिट्ठू,पालकी बुकिंग

उपराज्यपाल ने कहा कि पवित्र गुफा तक और पवित्र गुफा से पंजतरणी तक बालटाल अक्ष के साथ ग्रिड बिजली की आपूर्ति उपलब्ध होगी। यात्रा ट्रैकों को पर्याप्त रूप से रोशन किया जाएगा। तीर्थयात्रियों को यात्रा में आसानी के लिए विभिन्न ई-सेवाएं और टट्टू, पिट्ठू, पालकी आदि किराए पर लेने के लिए प्री-पेड प्रणाली उपलब्ध होगी। यात्री निवास सुविधाएं बालटाल, पंथा चौक (श्रीनगर), नुनवान और चंद्रकोट में उपलब्ध होंगी।

उपराज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक पंजीकृत तीर्थयात्री और सेवा प्रदाता को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) जारी किया जाएगा।

### यात्रियों का समूह बीमा

पंजीकृत तीर्थयात्रियों को समूह दुर्घटना बीमा मिलेगा, जिसमें बीमा राशि बढ़ाकर रु प्रति व्यक्ति 10 लाख, टट्टुओं की आकस्मिक और प्राकृतिक दोनों मौतों के लिए कवरेज- राष्ट्रीय पशुधन मिशन के माध्यम से प्रति पशु 50,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### दोनों मार्ग से एक साथ शुरू होगी

इस वर्ष श्री अमरनाथ जी यात्रा 3 जुलाई को दोनों मार्गों - अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गंदरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन इसका समापन होगा। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों और हस्तक्षेपों का प्रस्ताव भी रखा गया है।

### नानाखेड़ा स्टेडियम से सी-21 मॉल तक संकरे मार्ग पर बढ़ा दबाव, रोज लग रहा जाम

# चौड़ीकरण की वजह से कई जगह के मार्ग बंद, शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कई स्थानों पर सड़कें खुदी पड़ी हैं और मार्ग बंद कर दिए गए हैं, लेकिन वाहनों के आवागमन के लिए न तो पर्याप्त जगह छोड़ी गई है और न ही कोई वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है। इससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महामृत्युंजय द्वार से नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे तक पुल निर्माण और सिक्स लेन सड़क का कार्य पिछले एक महीने से जारी है। इस दौरान एक तरफ का मार्ग बंद कर दिया गया है, जबकि दूसरी ओर से दोनों दिशाओं का ट्रैफिक संचालित किया जा रहा है, इसके साथ ही नानाखेड़ा स्टेडियम के समिति मित्र नगर वाला संकरा मार्ग पर यातायात डायवर्ट किया गया है इस कारण यहां लगातार जाम की स्थिति बन रही है।

स्थिति तब और बिगड़ गई जब नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक का मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया। इसके बाद क्षेत्र का अधिकतर ट्रैफिक नानाखेड़ा स्टेडियम के पास स्थित मित्र नगर, अभिषेक नगर और सी-21 मॉल के तरफ वाले संकरे मार्ग पर आ गया है। यह मार्ग पहले से ही संकरा है, लेकिन अब यहां दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही होने के कारण दबाव अत्यधिक बढ़ गया है और दिनभर जाम लगा रहता है। धड़ल्ले से वाहनों की आवाजाही की वजह से पूरे दिन धूल के गुब्बार उड़ते रहते हैं।

### दिन भर जाम लगा रहता है

अभिषेक नगर, मित्र नगर, गंगानगर और अर्पिता कॉलोनी सहित आसपास की कई कॉलोनियों में जाने के लिए यही प्रमुख मार्ग है ऐसे में इन कॉलोनीयों की रहवासियों की समस्या बढ़ गई है। ऐसे में स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। मित्र नगर वाले मार्ग पर यातायात डायवर्ट कर दिया गया है इस कारण इस मार्ग पर वाहनों का अधिक दबाव रहता है इस कारण दिन भर जाम लगता रहता है।

### नानाखेड़ा सी-21 मॉल के आसपास का चौराहा भी दिनभर जाम की चपेट में

नानाखेड़ा सी-21 मॉल के आसपास का चौराहा भी दिनभर जाम की चपेट में रहता है। पिछले दिनों नानाखेड़ा चौराहे पर यातायात सुधारने के लिए सिग्नल लगाए गए थे, लेकिन वे भी सुचारू रूप से काम नहीं कर रहे हैं। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं होने से स्थिति और खराब हो गई है।

संकरे मार्गों पर बढ़ते वाहन दबाव के कारण पूरे क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी देरी का सामना करना पड़ रहा है।

# आत्म जागरण की साधना है योग




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नई पीढ़ी के योग व परंपराओं से जुड़ने पर ही आत्मनिर्भर ,आत्म जाग्रत राष्ट्र बनेगा... भारत के हठयोग के कारण विश्व बन रहा है निरोग.. योग के माध्यम से शांति एवं आनंद का वातावरण निर्मित किया जा सकता है.. योग 90 प्रतिशत अभ्यास और 10 प्रतिशत सिद्धांत है.. उक्त प्रभावी उदगार ब्रह्म योग फिट द्वारा आयोजित विशेष ध्यान सत्र शिविर में गऊघाट जंतर मंतर पर योग मार्गदर्शक एवं मेडिटेशन योगाचार्य डॉक्टर रघुवीर पटेल ने योग साधकों के मध्य व्यक्त किये..प्राकृतिक सौंदर्य शिप्रा के तट गउ घाट पर मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया.. योग एक्सपर्ट प्रीति बम्बोड़ी ने विभिन्न प्रकार के योग का प्रदर्शन करते हुए कहा कि... योग खुद से सच्ची मुलाकात का जरिया है ...यह जाग्रत करता है और शरीर को ऊर्जा से लबरेज रखता है ..इस अवसर पर योगाचार्य डॉ रघुवीर पटेल का शाल, श्रीफल, दुपट्टा,माला एवं मोमेंटो प्रदान विशेष अभिनंदन किया गया... अतिथि स्वागत प्रीति संजय बम्बोड़ी ,वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिपाठी,श्रीमती मंजू यादव ने किया ...आभार प्रदर्शन श्रीमती रचना परमार ने किया.. संपूर्ण आयोजन के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे।

### डॉ हेडगेवार स्मृति व्याख्यान माला

# 'हिंदुत्व का मूल तत्व अस्तित्व की एकता और एकात्मकता है'



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हिंदुत्व का मूल तत्व अस्तित्व की एकता और एकात्मकता है। हिंदुत्व के जीवन दर्शन में ही कल्याण की भावना है । हिंदुत्व में दया, करुणा ,क्षमता, त्याग ,दान समाहित है। हिंदुत्व की यात्रा आध्यात्मिक है। यह उद्गार लोकमान्य तिलक परिसर में आयोजित डॉ हेडगेवार स्मृति व्याख्यान माला के द्वितीय संध्या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने वर्तमान परिपेक्ष में हिंदुत्व विषय पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व को लेकर अंग्रेजी अनुवाद में भ्रम पैदा किया गया। किसी भी भाषा का यथावत अनुवाद नहीं किया जा सकता। इसका अर्थ संबंधित अनुवादित भाषा के संदर्भ में बदल जाता है।यही बात हिंदुत्व को लेकर हुई, जब हिंदुत्व शब्द का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद हुआ तो भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। अनुवाद की गलती के कारण हिंदू धर्म के साथ अन्याय हुआ। डॉ हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास द्वारा आयोजित 40वीं तीन दिवसीय व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू की पूजा पद्धति को अंग्रेजी में वे आफ लाइफ कहा गया जो गलत था। हिंदी की प्रख्यात लेखिका महादेवी वर्मा ने लिखा है व्यक्ति जन्म से मृत्यु तक जिन कर्तव्यों का निर्वाह करता है उनके समुच्चय को धर्म कहते हैं।

# श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन ने लगाया करोहन पंचकोशी मार्ग पर सेवा शिविर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन के द्वारा करोहन पंचकोशी मार्ग पर श्रद्धालुओ के लिए सेवा शिविर लगाया गया फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान ने बताया की फाउंडेर्न के द्वारा पचास हजार से अशिक पंचकोशी पद यात्री के लिए सेवा शिविर नारायण यादव (दादा) के मार्गदर्शन में लगाया गया। शिविर में स्वामी 1008 रामेश्वरनंद जी तीर्थ राष्ट्रीय संयोजक, स्वर्दी सनातन संघ,राष्ट्रीय संरक्षक, सनातन रक्षक सेना के आतिथ्य में सेवा की गयी। श्रद्धालुओ को पेयजल, भोजन प्रसादी, दवाई, फल आदि वितरित किए गए। बुजुगों के लिए स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराई गयी। सेवा शिविर में मुख्य रूप से शोभा चौहान, नरेन्द्र मालवीय, भेरू सिंह मालवीय, मुकेश पांचाल एवं अन्य समाज जन शिविर में उपस्थित होकर सेवाएं प्रदान की।

# बिजली लाइन की अंडरग्राउंड शिफ्टिंग का प्लान बदला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड फोरलेन निर्माण में बिजली कंपनी ने चुनौती खड़ी कर दी। शहरी क्षेत्र की बिजली लाइन अंडरग्राउंड डालने के लिए उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसी को 16 करोड़ का एस्टीमेट दिया। इसे देख कंपनी काम ही शुरू नहीं किया । मामले को लेकर एमपीआरडीसी के अफसरों व वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इधर, बिजली कंपनी का इतना बड़ा एस्टीमेट देखकर कंपनी ने शहरी क्षेत्र में काम ही शुरू नहीं किया। कंपनी ने टेंडर शर्तों को निकालते हुए एमपीआरडीसी अफसरों से चर्चा की। विभागीय अफसरों ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामला वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों तक पहुंचाया और वरिष्ठ अफसरों के हस्तक्षेप के बाद बिजली अफसर अपना अंडरग्राउंड केबल डालने का प्लान बदलने की सहमति दी।

इसके बाद नए स्तर से अंडरग्राउंड लाइन वाले प्लान को खंभे गाड़कर लाइन शिफ्टिंग में बदल दिया। हालांकि इससे शहरी क्षेत्र में लाइन शिफ्टिंग की लागत घटकर 7 करोड़ के करीब हो गई। तब जाकर कहीं निर्माण एजेंसी शहरी क्षेत्र में काम करने के लिए आगे आई।

# गर्मी में बदला फल बाजार का मिजाज, देसी संतरा गायब, विदेशी महंगा, मौसंबी की कमी, आम-बादाम ने संभाली कमान

## कम पैदावार और स्टोरेज रणनीति का असर, सेहतमंद फलों की डिमांड, विदेशी संतरा 200 से 250 रु प्रति किलो तक बिक रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गर्मी के मौसम में फल बाजार का स्वरूप इस बार पूरी तरह बदला नजर आ रहा है। एक समय शहर के बाजारों में आसानी से मिलने वाला देसी संतरा अब लगभग गायब हो चुका है। इसकी जगह विदेशी संतरे ने ले ली है, लेकिन विदेशी संतरा की ऊंची कीमतों के चलते इसकी बिक्री सीमित बनी हुई है। वहीं मौसंबी की आवक भी घट गई है, जिससे बाजार में खट्टे फलों की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसके बीच आम और अन्य फलों ने बाजार की मांग को संभाल रखा है।

### देसी संतरा क्यों हुआ गायब

फल व्यापारियों के अनुसार इस बार देसी संतरे की पैदावार में गिरावट का मुख्य कारण प्रतिकूल मौसम रहा। जब संतरे के पौधों में फूल आ रहे थे, उसी दौरान मावठे की बारिश गिरने से बड़ी संख्या में फूल झड़ गए। इससे फलों का विकास प्रभावित हुआ और उत्पादन घट गया।

इसके अलावा कुछ व्यापारियों का मानना है कि बाजार में कमी का एक कारण स्टोरेज भी है। देसी संतरे को पहले से भंडारित कर लिया जाता है और कीमत बढ़ने पर बाजार में उतारा जाता है, जिससे कृत्रिम कमी की स्थिति भी बनती है।





### महंगा विदेशी संतरा, सीमित मांग

फ्रीगंज–मक्सी रोड पर स्थित मंडी में फल की दुकान लगाने वाले फल व्यापारी शरद बाथम के अनुसार, वर्तमान में बाजार में विदेशी संतरा ही उपलब्ध है, जो खेरची में 200 से 250 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। यह कीमत देसी संतरे की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है, जिसके कारण आम उपभोक्ताओं की खरीदारी प्रभावित हो रही है।

स्टोरेज में रखा देसी संतरा सीमित मात्रा में उपलब्ध है, जिसकी कीमत 150 रुपए प्रति किलो से अधिक है, लेकिन स्वाद और गुणवत्ता में पहले जैसा नहीं रहा।



### मौसंबी की कमी, आम की एंट्री

मौसंबी की आवक में भी कमी आई है, जिससे इसकी कीमतों में स्थिरता के बजाय दबाव बना हुआ है। नागपुर से भी संतरा की आवक होती है लेकिन पैदावार कम होने की वजह से संतरा मार्च में ही खत्म हो गया।वहीं दूसरी ओर बादाम आम की बाजार में एंट्री हो चुकी है। वर्तमान में यह आम 150 से 160 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। फल व्यापारी बाथम का कहना है कि जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी, कीमतों में गिरावट आएगी।

### अन्य फलों का हाल

मक्सी रोड के फल व्यापारी नरेंद्र केवलानी (नारू भाई) के अनुसार, विदेशी संतरे के अलावा पाइनएप्पल 80 से 100 रुपए प्रति किलो और मोसंबी 70 से 80 रुपए प्रति किलो व सोलापुर (महाराष्ट्र) से आए अंगूर 150 से 160 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहे हैं। वहीं केले की कीमतों में गिरावट आई है और यह 20 से 30 रुपए प्रति किलो में उपलब्ध है, जिसका कारण निर्यात में कमी बताया जा रहा है।

### गर्मी में सेहत के लिहाज से जरूरी फल

गर्मी में संतरा और मौसंबी जैसे फल शरीर को ठंडक देने के साथ हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। इनमें विटामिन सी, मिनरल्स और प्राकृतिक शुगर प्रचुर मात्रा में होती है, जो थकान दूर करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती है। यही वजह है कि कीमतें बढ़ने के बावजूद इन फलों की मांग बनी हुई है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 14 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज कॉलम

### जज पर भरोसा नहीं, केस से हटाएं : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से दिल्ली शराब घोटाला केस से हटाने (रिक्यूज) की फिर मांग की। उन्होंने कोर्ट में डेढ़ घंटे दलीलें रखकर कहा- मुझे पहले से ही दोषी माना जा रहा है। जस्टिस शर्मा के आदेशों में एक पैटर्न दिखता है, जिसमें ईडी और सीबीआई के हर तर्क को स्वीकार किया जाता है। केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को केस से अलग करने की 10 वजहें गिनाईं। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को तीन महीने की सुनवाई के बाद इस केस में मुझे और 23 आरोपियों को बरी कर दिया। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने बहुत कम समय की सुनवाई के बाद आंशिक रूप से स्थगित कर दिया।

### आज शाम 4 बजे बिहार के नए सीएम का ऐलान

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा ने सोमवार को पटना डीएम, एसपी, एसएसपी समेत सीनियर अधिकारियों की बैठक हुई। लोकभवन में चली इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर ब्रीफिंग दी गई। इससे पहले राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे थे। दोनों के बीच करीब 30 मिनट मुलाकात हुई। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश आज 3.30 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। आज 2 बजे प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। वहीं 3 बजे जदयू विधायक दल की बैठक होगी।

### आशा भोसले का अंतिम संस्कार हुआ



बॉलीवुड सिंगर्स ने अभी ना जाओ छोड़कर, गाके विदाई दी, महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

**मुंबई।** सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना अभी ना जाओ छोड़कर गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी दी गई। उनका रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### वेतन बढ़ाने की मांग पर नोएडा में बवाल पुलिस की जीप समेत 5 गाड़ियां फूंकी

**नई दिल्ली/नोएडा।** नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन अब कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गया है। सोमवार सुबह शुरू हुआ उग्र प्रदर्शन दिन चढ़ने के साथ ही उग्र होता चला गया। देखते ही देखते वेतन बढ़ोतरी से लेकर अन्य मांगों के लिए सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की दो गाड़ियों समेत पांच वाहनों को आग के हवाले कर दिया। कई जगहों पर पत्थरबाजी की भी खबर है। इसी क्रम में अब दिल्ली पुलिस भी आशंका देखते हुए अलर्ट मोड में आ गई है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए सम्मानजनक मानदेय, सुरक्षित कार्य वातावरण और समय पर समस्याओं के समाधान के कड़े निर्देश दिए हैं।

### नाइजीरिया में हवाई हमले में 100 से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया में सुरक्षा बलों द्वारा किए गए हमले में 100 से ज्यादा मासूमों की जान चली गई। नाइजीरिया एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों द्वारा यह हमला आतंकियों पर किया जा रहा था, इसी दौरान एक व्यस्त बाजार में गलती से हो गया। जिसमें एक साथ 100 से ज्यादा निर्दोषों की जान चली गई। नाइजीरियाई वायु सेना ने बोर्नो राज्य की सीमा के पास स्थित योबे राज्य के एक गांव में स्थित बाजार पर हवाई हमला कर दिया। इस दौरान बाजार में भारी संख्या में लोग मौजूद थे, जिसमें उनकी मौत हो गई। हालांकि बाद में नाइजीरिया सरकार के अधिकारियों ने बाद में स्वीकार किया कि यह हमला एक गलती थी, हालांकि अधिक जानकारी नहीं दी गई।

### कल जारी हो सकता है 10वीं-12वीं का परिणाम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 15 अप्रैल 2026 को दोनों कक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित किए जा सकते हैं। इस साल सेकंड फेज की बोर्ड परीक्षाओं (7 मई से 25 मई) के आयोजन को देखते हुए मंडल ने रिजल्ट जल्दी जारी करने का फैसला लिया है, ताकि छात्रों को आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रिजल्ट का आधिकारिक एलान करेंगे। इस दौरान दोनों कक्षाओं की मेरिट लिस्ट (टॉपर्स सूची) भी जारी की जाएगी। राज्य स्तर पर टॉप करने वाले मेधावी छात्रों को सरकार द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

---

मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सामाजिक योजनाओं की निरंतरता और सागर की सिंचाई परियोजना सहित कई अहम फैसले लिए

# प्रदेश के 6 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी

## सागर में 286 करोड़ की सिंचाई परियोजना को मंजूरी, 12.44 लाख लीटर पहुंचा दुग्ध प्रोडक्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

आज भोपाल में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें लोक निर्माण विभाग की परियोजनाएं जारी रखने, 6 नए मेडिकल कॉलेजों के प्रस्तावों को मंजूरी, सामाजिक योजनाओं की निरंतरता और सागर की सिंचाई परियोजना सहित कई अहम फैसले लिए गए।

बैठक से पहले, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। 16 अप्रैल से संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। राज्य में 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

कैबिनेट बैठक शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने बताया कि पूरे प्रदेश में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन और पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालयों में भी इससे जुड़े कार्यक्रम किए जाएंगे।




### उर्वरक सब्सिडी के लिए 41,833 करोड़ की मंजूरी

सीएम ने बताया कि केंद्र सरकार ने खरीफ 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटेशियम उर्वरकों पर 41,833 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रायसेन में आयोजित तीन दिवसीय कृषि महोत्सव का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के समाप्त होने के बाद अब विकास कार्य तेज किए जाएंगे।

### 6 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी

राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, शिवपुरी और सिंगरौली जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। कृषि से जुड़ी मैकेनाइजेशन योजना को भी आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया, जिससे किसानों को आधुनिक उपकरणों का लाभ मिलता रहेगा।

### दूध उत्पादन 9.4 से बढ़कर 12.4 लाख लीटर

कैबिनेट में बताया गया कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़कर 12.4 लाख लीटर हो गया है, जो पहले 9.4 लाख लीटर था। यह करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि है।

### सागर में 286 करोड़ की सिंचाई परियोजना स्वीकृत

- मंत्रिमंडल ने सागर जिले के लिए 286 करोड़ रुपए की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना से करीब 7200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- इधर, मंत्रिमंडल ने लोक निर्माण विभाग की चार चल रही परियोजनाओं को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। इन परियोजनाओं के माध्यम से आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है।
- कैबिनेट ने मध्यान्ह भोजन परिषद, मिशन शक्ति, संबल योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और हेल्पलाइन 181 को जारी रखने की मंजूरी दी। इन योजनाओं के माध्यम से महिला और बाल विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित होते रहेंगे।

---

लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए

# 19 हजार 810 करोड़ रुपए की स्वीकृति

## लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 10,801 करोड़ रुपए की स्वीकृति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के लिए 3,553 करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक सोमवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए तकरीबन 19,810 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजना, महिला बाल विकास के कार्यों, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों तथा कृषि विभाग के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी है।

मंत्रि-परिषद द्वारा सागर जिले की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 286 करोड़ 26 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इस परियोजना से सागर जिले की सागर तहसील के 27 ग्रामों की 7200 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिये किसानों को लाभ मिलेगा।



मंत्रि-परिषद द्वारा लोक निर्माण के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत बी.ओ.टी. मार्गों का विकास एवं पर्यवेक्षण के लिए 150 करोड़ रुपए, बी.ओ.टी. परियोजनाओं की समाप्ति पर भुगतान के लिए 765 करोड़ रुपए, एन्यूटी भुगतान के लिए 4,564 करोड़ रुपए और म.प्र. सड़क विकास निगम (एन.डी.बी.) बाह्य वित्त परियोजना के लिए 5,322 करोड़ रुपए की स्वीकृति सहित 16वें वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर रखे जाने की स्वीकृति दी गई है।

- मंत्रि-परिषद द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति और मध्याह्न भोजन सहित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 3,553 करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।
- मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, ग्रामीण युवाओं के माध्यम से कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना करने, नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने और प्रदेश के वन पट्टाधारियों के लिए हस्तचलित/बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए योजना आगामी 5 वर्षों के निरन्तर संचालन के लिए 2,250 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

---

## मप्र-यूपी और राजस्थान में लू का अलर्ट

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

पिछले 15 दिनों से वेस्टर्न डिस्टरबेंस ने तेज गर्मी पर ब्रेक लगा रखा था, लेकिन अब उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ और उससे लगे राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। पारा भी 40 डिग्री से ज्यादा पहुंच सकता है। इधर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, सौराष्ट्र कच्छ, बिहार और झारखंड में इस हफ्ते पारा 40 डिग्री पार हो जाएगा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में आज धूल भरी आंधी चलने का अलर्ट है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40किमी/प्रतिघंटे तक हो सकती है।

---

## शिवराज के कृषि मेले में नहीं जा पाए जीतू पटवारी

### पुलिस ने घर से लेकर रायसेन के रास्तों पर की नाकाबंदी वॉटर कैनन तक मुस्तैद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में रायसेन में तीन दिवसीय कृषि मेले का आज समापन हो रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज इस मेले के समापन में शामिल होंगे।

इधर, एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी आज रायसेन के इस कृषि मेले में शामिल होकर किसानों की परेशानियां बताने का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण वे रायसेन नहीं जा पाए।

पुलिस ने आनंद नगर में बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया।



काफी देर पुलिसकर्मियों से बहस करने के बाद भी जीतू पटवारी को आगे नहीं जाने दिया तो वह अपने काफिले के साथ वापस लौट गए। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी आज सुबह से ही रायसेन जाने की तैयारी में थे। पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वे टकराव नहीं बल्कि संवाद चाहते थे। उन्होंने कहा, मेरा मन कृषि मेले में जाने का है और मैंने पहले ही कहा था कि जब शिवराज जी अनुमति देंगे, तभी जाऊंगा। पटवारी के मुताबिक, उन्होंने पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी और तय किया था कि अगर अनुमति नहीं मिली तो वे मेले के आखिरी दिन वहां पहुंचेंगे।

---


## खंडवा में मालगाड़ी से एलपीजी गैस लीकेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा**

प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर रविवार रात 9.30 बजे महाराष्ट्र के पनवेल से जबलपुर (बिटौनी) जा रही भारत पेट्रोलियम की मालगाड़ी की 1 वैगन से एलपीजी गैस का लीकेज होने का मामला सामने आया है।

स्टाफ बदलने के दौरान बदबू आने पर रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद लीकेज वाले 1 वैगन को बाकी 31 वैगन से अलग कर आइसोलेट किया। बचाव के लिए पीथमपुर से टेक्निकल टीम को बुलाया गया है और बाकी 31 वैगन वाली ट्रेन को जबलपुर रवाना कर रात 12.30 बजे के बाद इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है।

घटना रविवार रात 9.30 बजे की है। एलपीजी गैस के 32 वैगन से भरी ट्रेन खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर खड़ी थी। इसी दौरान यहां ट्रेन का स्टाफ बदला गया। नई टीम को स्मैल (बदबू) आने पर चेकिंग की गई, जिसमें एक वैगन से लीकेज का खुलासा हुआ।



सूचना मिलते ही रेलवे के स्थानीय अधिकारी, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय मौके पर पहुंचे। टेक्निकल टीम की मदद से लीकेज वैगन को ट्रेन से अलग कर दूर आइसोलेट किया गया। एहतियात के तौर पर लीकेज वाले वैगन को गीले बारदान (बोरियों) और गीली बालू रेत से ढंक दिया गया। लीकेज वैगन को अलग करने और स्थिति को सुरक्षित करने में प्रशासन को करीब 3 घंटे का समय लगा। रात 12.30 बजे अधिकारी मौके से रवाना हुए। इस पूरे घटनाक्रम के कारण रेलवे यातायात भी बाधित हुआ और राजधानी व मंगला एक्सप्रेस सहित कुल 6 ट्रेनें प्रभावित रहीं। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद रात 12.30 बजे से ट्रेनों की आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई।

---

## इंदौर में इमारत के छठे माले पर लगी आग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के स्कीम नंबर 136 में कळ्अ की बिल्डिंग में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। आग छठे माले पर एक फ्लैट के लगी थी। आग की लपटे बिल्डिंग के बाहर से ही नजर आने लगी थी। आग की लपटे सातवें माले की बालकनी तक पहुंच गई, जहां रखा सामान भी जल गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई। वक्त रहते लोग बिल्डिंग से नीचे आ गए थे। करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेडकर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी मुताबिक घटना सोमवार सुबह की है।

---

एमपी में नया कानून : अवैध कॉलोनी बनी तो अफसर को 3 महीने की सजा

# अब गांवों में भी बनेंगी कॉलोनियां

### गरीबों के लिए रिजर्व होंगे 15 प्रतिशत मकान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

शहरों की बढ़ती आबादी और संसाधनों पर दबाव को देखते हुए सरकार ने शहरों से सटे गांवों में कॉलोनियां बनाने की मंजूरी देने का फैसला किया है। सरकार जल्द मप्र कॉलोनी एक्ट 2026 लाएगी। इसका ड्राफ्ट तैयार है। नियम बन चुके हैं। इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित एक्ट के मुताबिक कॉलोनाइजर्स का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा।

अवैध कॉलोनी बनाने पर 10 साल की सजा और 1 करोड़ तक जुमार्ना होगा। लापरवाही बरतने



वाले अफसर को 3 महीने की सजा होगी। निम्न वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 15% मकान या जमीन आरक्षित करना जरूरी होगा। 2021 से पहले बनी अवैध कॉलोनियां नियमित की जाएंगी। ऐसी कॉलोनियां करीब 7 हजार हैं। सरकार का दावा है कि इससे बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी और रियल एस्टेट में पारदर्शिता आएगी।

### शहरी और ग्रामीण इलाकों में अलग-अलग नियम

शहर में कॉलोनी डेवलप करने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अनुमति, रेरा पंजीयन और अन्य विभागों की एनओसी जरूरी होती है। गांवों में सिर्फ जमीन बंटवारा और रजिस्ट्री के आधार पर प्लानिंग हो जाती है। मध्य प्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के मुताबिक कॉलोनी में भू-उपयोग, सड़क, सीवरेज, पानी, पार्क और ईडब्ल्यूएस आवास के लिए जगह जरूरी है। ग्रामीण इलाकों में ये नियम लागू नहीं होता, इसलिए यहां संकरी सड़कें, जलभराव और बुनियादी सुविधाओं की कमी वाली कॉलोनियां डेवलप हो रही हैं।

---

महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा : वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक

# दुर्घटना में 11 की मौत, मृतकों में 3 महिलाएं

**एजेंसी ▸▸ ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10.45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य दो लोग घायल हैं, जिन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान जारी है।



कल्याण से मुरबाड के बीच चलती थी वैन वैन रोजाना की तरह आज सुबह भी पैसेंजर्स को लेकर कल्याण से मुरबाड जा रही थी। वैन में ड्राइवर समेत 12-13 लोग सवार थे। इसी दौरान रैता ब्रिज पर सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो गई। राहगीरों ने बताया कि दोनों गाड़ियां स्पीड में थीं। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

### गुजरात में दर्दनाक हादसा : दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचला, 7 की मौत, कई घायल

**एजेंसी ▸▸ गांधीनगर**

गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे चल रहे कुछ लोगों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि यह घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1.30 बजे हुई, जब तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप राजकोट के एक मंदिर से पूजा-अर्चना करने के लिए एक जुलूस के रूप में पैदल जा रहा था। जिले के लखतर तालुका में भास्करपारा गांव के बाहरी इलाके में, लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रक ने इन श्रद्धालुओं को



कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई, मृतकों में 4 महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों की संख्या अभी साफ नहीं है।

---

## पटना-पुणे एक्सप्रेस से मुस्लिम बच्चों की तस्करी, 165 का रेस्क्यू

**एजेंसी ▸▸ कटनी**


मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर पटना-पुणे एक्सप्रेस से 165 मुस्लिम बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इन्हें संदिग्ध हालात में बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने सद्दाम हुसैन और अमानुल्लाह समेत 8 लोगों के खिलाफ बच्चों की तस्करी के तहत केस दर्ज किया है।

रेस्क्यू किए गए 165 में से 84 बच्चों को रात में ही दो बसों से जबलपुर के बाल गृह भेज दिया गया, जबकि 81 बच्चों को कटनी बाल गृह में रखा गया है। जिला प्रशासन सभी बच्चों के खाने-पीने और स्वास्थ्य की व्यवस्था कर रहा है। सभी का मेडिकल कराया गया है। जीआरपी को सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12150 (पटना-पुणे एक्सप्रेस) के स्लीपर कोच एस1,



एस2, एस3, एस4 और एस7 में बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों को ले जाया जा रहा है। जैसे ही ट्रेन रात में कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंची, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण अधिकारियों की टीम ने बोगियों को घेर लिया और सभी 165 बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। पूछताछ के दौरान बच्चों के साथ मौजूद सद्दाम नामक व्यक्ति ने दावा किया कि वह लातूर (महाराष्ट्र) के एक मदरसे में शिक्षक है और इन बच्चों को बिहार के अररिया से वहां पढ़ने के लिए ले जा रहा था।

न्यूज कालम



## बड़वाह–धामनोद मार्ग बनेगा अब फोर लेन, निमाड़ के विकास को लगेंगे पंख

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए बड़वाह-धामनोद मार्ग के कायाकल्प हेतु 1172.51 करोड़ रुपए का मेगा टेंडर जारी कर दिया है। इस निविदा के माध्यम से स्टेट हाईवे-36 की सूरत पूरी तरह बदलने वाली है, जहां की कुल सवा 62 किलोमीटर लंबी सड़क को हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल के तहत वर्तमान दो लेन से बढ़ाकर पेव्ड शोल्डर के साथ चार लेन किया जाएगा। निगम द्वारा जारी इस आधिकारिक निविदा के साथ ही क्षेत्र के सबसे प्रतीक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का काम बहुत जल्द शुरू होने वाला है। यह परियोजना न केवल यातायात को सुगम बनाएगी बल्कि इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग और आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच एक बेहद मजबूत और आधुनिक कनेक्टिविटी कॉरिडोर के रूप में उभरेगी।

## डॉ.आंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जयंती पर प्रबुद्ध जन गोष्टी

**मनावर।** बाबा साहब अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों में संघर्ष कर समाज को न्याय दिलाया। आज हमारे देश का संविधान पूरी दुनिया में जाना जाता है। डॉ अंबेडकर को सिंबल ऑफ नॉलेज के नाम से पूरी दुनिया जानती है। उक्त विचार 11 अप्रैल शनिवार की संध्या को स्थानीय शिशु मंदिर के सभागृह में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर संघ के विभाग प्रचारक वक्ता दिनेश तेजरा ने व्यक्त किया है। आयोजन मे पत्रकार एवं समाजसेवी राजेश जौहरी महू ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाले, तो उन्हें शिक्षा देने और सहायता देने वालों को याद करना भी जरूरी है। बाबा साहब को शिक्षा देने वाले प्रथम गुरु श्री महादेव जी अंबेडकर थे। जो एक महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण थे। इन्होंने ने ही अम्बेडकर जी को अपना उपनाम (सरनेम) दिया। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति के रूप में सहायता करने वाले बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड तृतीय थे। वही प्रकाश वर्मा ने बताया कि ज्योतिबा फुले ने महिलाओं और गरीब लोगों की शिक्षा के लिए कार्य किए। वे और उनकी पत्नी, सावित्रीबाई फुले , भारत में महिला शिक्षा के अग्रदूत थे।

## महेश्वर में शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होंगे 26.25 करोड़

**मण्डलेश्वर।** विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को दोगुना करते हुए विधायक राजकुमार मेव ने क्षेत्रवासियों को 26.25 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात दी है। विधायक मेव के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुए इन कार्यों में सबसे ज्यादा प्राथमिकता ग्रामीण शिक्षा और तकनीकी संस्थानों के आधुनिकीकरण को दी गई है। इस बड़ी सौगात के तहत विधानसभा के 6 प्रमुख ग्रामों–बड़दिया सुरता, बठोली, भामपुरा, पितामली, बलसगांव और करोली–में 396.0 लाख (3.96 करोड़) रुपये प्रति स्कूल की लागत से भव्य हाईस्कूल भवनों का निर्माण किया जाएगा। इन स्कूलों के बनने से ग्रामीण अंचल के हजारों छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए अपने गांव से दूर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास को मजबूती देने के लिए महेश्वर और करही में भी बड़े कार्य कराए जा रहे हैं। इसमें महेश्वर परिसर की सुरक्षा के लिए 60 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल और संस्थान के अंदर सुगम आवागमन के लिए 66.28 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा।

## नर्मदा नदी में कूदे बुजुर्ग की बचाई जान

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में तैनात डायल-112 को किसी भी प्रकार की आपातकालीन सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निदेशों के पालन में कसरावद पुल से एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा नर्मदा नदी में कूदने की सूचना प्राप्त हुई। घटना के दौरान फिल्टर प्लांट पर तैनात बबलू भाई द्वारा तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए नदी में रिंग (लाईफ रिंग) डाली गई, जिसे उक्त व्यक्ति द्वारा पकड़ लिया गया।

### अलीराजपुर की सोण्डवा पुलिस का बड़ा खुलासा

# लूट की झूठी कहानी रचकर पुलिस को गुमराह करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन में सोण्डवा पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए थाना सोंडवा क्षेत्र के अंतर्गत घटित कथित लूट की सनसनीखेज घटना का पदार्फाश किया है। पुलिस की सूक्ष्म विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि फरियादी और उसके ड्राइवर ने मिलकर स्वयं की ही गाड़ी से माल चोरी करने और पुलिस को गुमराह करने के लिए लूट का झूठा षड्यंत्र रचा था।

घटना का संक्षिप्त विवरण और दर्ज शिकायतः दिनांक 26 मार्च को फरियादी इकबाल शाह पिता रईश शाह (निवासी देवास) ने थाना सोंडवा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथी ड्राइवर रवि पिता रतनलाल (निवासी उज्जैन) के साथ वाहन में भोपाल से वापी (गुजरात) के लिए राजश्री/कमला पसंद पान मसाला लेकर जा रहे थे। फरियादी के अनुसार, लोढनी घाटी के पास बदमाशों ने चाकू की नोक पर मारपीट कर उनसे 20 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल और कीमती पान मसाले के कार्टून लूट लिए। घटना को वास्तविक दिखाने के लिए ड्राइवर रवि जिला अस्पताल में भर्ती हो गया और इकबाल ने जंगल में बेहोश होने का नाटक किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलीराजपुर श्री अश्विनी कुमार के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान पुलिस को फरियादी और ड्राइवर के बयानों में काफी विरोधाभास नजर आया। जब साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों का मिलान किया गया, तो संदिग्धों की उपस्थिति घटनास्थल पर संदिग्ध पाई गई।

पुलिस द्वारा की गई मनोवैज्ञानिक पूछताछ में आरोपी ड्राइवर रवि टूट गया और उसने बताया कि उस पर पुराने कोर्ट केस चल रहे थे, जिसके कारण उसे रुपयों की सख्त जरूरत थी। आरोपी रवि के विरूद्ध जिला उज्जैन के थानों में पूर्व से ही बलात्कार एवं टॉयर चोरी के अपराध दर्ज है। इसी कारण उसने इकबाल और उज्जैन के अपने अन्य साथियों–समीर पटेल, शाहरुख और हर्षु–के साथ मिलकर लूट की यह झूठी योजना बनाई थी। योजना के मुताबिक, उनके साथी अर्टिगा वाहनसे आए। उन्होंने चलती गाड़ी से माल के 6 बॉक्स, नगदी और मोबाइल लिए ताकि इसे वास्तविक लूट दिखाया जा सके। पुलिस को गुमराह करने के लिए ड्राइवर ने हाथ फ्रैक्चर होने का बहाना कर अस्पताल में शरण ली। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाः उक्त षड्यंत्र पूर्वक रचि गई लूट की घटना का पदार्फाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक राजाराम बडोले, चौकी प्रभारी उनि सचिन डावर, सउनि बाबूलाल गहलोत, उनि राहुल चौहान, प्रआर. कैलाश (181), आर. विक्रम कनासिया (240) और साइबर सेल से आर. प्रमोद (105) की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

## तहसील कार्यालय भवन के समीप दस्तावेज लेखन की दुकानों में लगी आग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

धार जिले के मनावर स्थित पुराने तहसील कार्यालय में सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे आग लग गई इस घटना में 6 दुकानें जलकर खाक हो गई जिसमें लगभग 30 से 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है

इस दुकानों में प्रभावित होने वाली दुकान से स्टांप विक्रेताओ कि थी जलने वाली दुकान गणपत चौहान, शाहनवाज खान ,रईस खान एडवोकेट ,जगदीश ठाकुर, मोहसिन खान और मुकेश मंडलोई की दुकानें शामिल है

यह घटना में सुबह 7 बजे भी घटनास्थल से धुआं उठता देखा जा रहा था गणेश चौहान ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे कंप्यूटर ,लैपटॉप, प्रिंटर, इनवर्टर बैटरी ,स्टेबलाइजर, स्टाम मशीन, फोटो कापी मशीन ,राजस्व टिकट ,कीबोर्ड स्टांप ,कई लोगों की रजिस्ट्रीयां और फर्नीचर सहित अन्य कीमतें सामान जलकर राख हो गया। जगदीश ठाकुर ने बताया कि मेरी दुकान पर 3 कम्प्यूटर, 5 पेंटर , 2 फोटो कापी मशीन, पावतीया,व कई लोगों कि रजिस्ट्रीय ओर राजस्व टिकिट, फर्नीचर जल कर राख हो गए । करीब मेरा 10 लाख का नुकसान हुआ

आग लगने का प्रारंभ कारण अज्ञात है मनावर नगर पालिका के फायर विगेट की मदद से करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया

आग में सबसे बड़ा नुकसान 15 साल पुराने महत्वपूर्ण दस्तावेज और सरकारी डाटा का हुआ है जो पूरी तरह नष्ट हो गया इसमें कई लोगों ने सरकारी रिकॉर्ड लेनदेन संबंधित दस्तावेज और महत्वपूर्ण फाइलें जल गई जिसमें वेंडरो और दुकानदारों की आजीविकाओं पर संकट खड़ा हो गया है

## नेपानगर में हर्षोल्लास से मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती

### नगर के मुख्य मार्ग पर प्रतिमा स्थापित करने का लिया संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

महात्मा ज्योतिबा फुले युवा माली संगठन नेपानगर के तत्वावधान में 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती संत शिरोमणी सावता महाराज मंदिर परिसर में हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर बुरहानपुर जिले के समस्त माली समाज के अध्यक्ष एवं नेपानगर के सभी समाजों के अध्यक्षों को विशेष रूप से आमंत्रित कर शाल, श्रीफल और पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में जलगांव निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रभाकर देवराम महाजन उपस्थित रहे। उन्होंने महात्मा फुले के क्रांतिकारी विचारों, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाजन ने कहा कि फुले के सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा।

मुख्य मार्ग पर प्रतिमा लगाने का संकल्पः महात्मा ज्योतिबा फुले युवा माली संगठन नेपानगर द्वारा महात्मा फुले की जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रतिमा भावी पीढ़ियों को महात्मा फुले के योगदान की याद दिलाएगी और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगी।

## उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन द्वारा बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय, मंडलेश्वर ने निमाड़ क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जो संस्था के उच्च स्तरीय शिक्षण एवं अनुशासन का प्रमाण है। महाविद्यालय से प्रथम स्थान कामाक्षी सेन ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान रोशनी राजपूत ने 77 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नम्रता बिरले एवं प्रिया यादव ने 74.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया।अन्य उल्लेखनीय छात्राओं में कुमकुम पाटीदार 74.3 प्रतिशत, जागृति शर्मा 73 प्रतिशत, रानी सिंगोरिया 71.8 प्रतिशत, तमन्ना 71.8 प्रतिशत, निशा वर्मा 71.8 प्रतिशत, निहारिका जोशी 70.8 प्रतिशत, मोनिका 70.3 प्रतिशत, वैशाली मंडलोई, मन शिखा 70.3 प्रतिशत, शिवानी यादव 70 प्रतिशत एवं प्रांजल शामिल हैं, जिन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा, ज्योति पाटीदार, गुलाबचंद पाटीदार, महेश पाटीदार, कोषाध्यक्ष सुभाष पाटीदार, सचिव बाबूलाल पाटीदार, प्राचार्य डॉ. ब्रह्मप्रकाश शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवेंद्र शर्मा, प्रो. मीनू कुशवाह, सोनालिका चौहान, गजेन्द्र अहिरवार, अजय पटेल, दीपक चौहान, विधि पाटीदार सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन एवं प्रभावी शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया को दिया, जो निमाड़ क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण बनकर उभरा है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिला ऐतिहासिक सम्मान, भाजपा ने किया संकल्प साकारः सांसद पाटील

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर सोमवार को बुरहानपुर में उत्साह का माहौल रहा। संसद के 16-18 अप्रैल के विशेष सत्र में प्रस्तुत होने वाले इस विधेयक पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित महिला सम्मेलन से राष्ट्र को लाइव संबोधित किया।

इस अवसर पर बुरहानपुर के परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मातृशक्ति ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन एक साथ देखा-सुना।

**कार्यक्रम में कौन-कौन रहा मौजूद**

कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद पाटील बोलेः यह विधेयक नहीं, क्रांतिकारी कदम

अपने संबोधन में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा, "नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका हक, सम्मान और निर्णय लेने की भागीदारी दिलाने वाला क्रांतिकारी कदम है। वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण पहल को साकार करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है।"

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में एक नया युग प्रारंभ हुआ है, जिसमें महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और नीति निर्धारण में सक्रिय भागीदार बन रही हैं।

भाजपा की योजनाओं का किया जिक्र

सांसद पाटील ने कहा कि भाजपा ने सदैव महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता दी है। उज्ज्वला योजना, मातृत्व सुरक्षा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए हर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया गया है।

**कार्यकर्ताओं से किया आह्वान**

सांसद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक अधिनियम की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं और समाज में जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, गर्व और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री के संबोधन और इस ऐतिहासिक पहल का जोरदार स्वागत किया।

## आशादेवी मेहता का निधन, पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) को मातृ शोक



**मंडलेश्वर।** पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) की पूज्य माताजी श्रीमती आशादेवी मेहता का सोमवार को ९१ वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके देवलोक गमन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।स्व. आशादेवी मेहता का अंतिम संस्कार मंडलेश्वर स्थित नर्मदा तट मुक्तिधाम पर संपन्न हुआ, जहां पुत्र पंडित पंकज मेहता ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।अंतिम यात्रा में मनोज शर्मा, नितिन पाटीदार, विश्वदीप मोयदे, अनिरुद्ध हलवे, डॉ. अमित पाटीदार, डॉ. अखिलेश बर्वे, रितेश शर्मा, गणेश मामा पाटीदार, दीपक पाटीदार, प्रदीप जिराती, पंडित अमित कानूनगो, पंडित अशोक वैद्य, अर्जुन सिंह पटेल, केदार शुक्ला, पंडित सुनील जी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।स्व. आशादेवी मेहता के निधन पर नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके सरल स्वभाव और धार्मिक प्रवृत्ति को हमेशा याद किया जाएगा।

## जलगंगा संवर्धन के तहत निंबोदा ग्राम पंचायत में चेकडेम का निर्माण पूर्ण

**उज्जैन।** जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण की दिशा में जनपद बड़नगर, जिला उज्जैन के अंतर्गत निंबोदा ग्राम पंचायत में जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत एक महत्वपूर्ण कार्य पूरा कर लिया गया है। 15वें वित्त आयोग (जिला स्तर) तथा मनरेगा के संयुक्त सहयोग से स्वीकृत 5.84 लाख रुपये की लागत से निर्मित चेकडेम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस चेकडेम की जल भराव क्षमता 6500 घन मीटर है। यह चेकडेम श्री रमेश धानक के खेत के समीप बनाया गया है। इसके पूर्ण होने से आसपास के 41 से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा में सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में भूजल स्तर में वृद्धि होने की संभावना है।निंबोदा क्षेत्र में लगभग 11 ट्यूबवेल मौजूद हैं। चेकडेम के निर्माण से इन ट्यूबवेलों के जलस्तर में सुधार होगा और गर्मियों में सूख जाने वाले ट्यूबवेलों में भी 12 महीने पानी उपलब्ध रहने की संभावना बढ़ गई है। इससे स्थानीय किसानों की सिंचाई निर्भरता कम होगी और फसल उत्पादन में स्थिरता आएगी।जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद बड़नगर द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्य जल संरक्षण की जनभागीदारी को बढ़ावा दे रहे हैं। यह अभियान "जल है तो कल है" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# समस्त सीडीपीओ आंगनवाड़ियों में मंगल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें- कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण कर जिले को ए ग्रेड रैंकिंग में लाया जाए।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत अस्वीकृत प्रकरणों के कारण सहित जानकारी कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छात्रावासों के हर माह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा पिछली कमियों का अगली निरीक्षण में सुधार किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभागों को अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजें।

राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी तहसीलदारों को फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा से बाहर हुए मामलों में संबंधित अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी सीडीपीओ को आंगनवाड़ियों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रत्येक केंद्र पर प्रति मंगलवार मंगल दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक के दौरान जिला आधार निगरानी समिति की बैठक पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त विकासखण्ड स्तर पर भी बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने के निर्देश दिए जिसकी समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा, सुश्री दीपिका पाटीदार सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल संरचनाओं पर किए गए अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर हटाए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान 2-26 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने और किए जा रहे कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों को जल संवर्धन के लिए जागरूक करने के लिए निबंध प्रतियोगिता,सांस्कृतिक कार्यक्रमो, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों को जल संरचनाओं पर किए गए अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए और भविष्य में अतिक्रमण से बचाने का स्थाई हल सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रत्येक विभाग पौधारोपण की कार्ययोजना बनाकर शिप्रा के तटों पर पौधारोपण करें,जनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित करे और साफ सफाई के लिए श्रमदान करें।उपार्जन के नोडल अधिकारी सतत रूप से सुबह उपार्जन केंद्रों का भ्रमण करेंकलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा कर उपार्जन प्रक्रिया में अनुभागों के संबंधित नोडल अधिकारियों को प्रत्येक सुबह उपार्जन केंद्रों का भ्रमण करने और उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन सरल और सुव्यस्थित तरीके से नोडल अधिकारियों की निगरानी में सुनिश्चित कराने के दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में सभी उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन सतत सुव्यस्थित तरीके से जारी है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा ब्लॉकवार ,तहसीलवार और विभागवार की। बैठक में जानकारी दी गई कि नगर निगम उज्जैन सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान पर है।कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी जनपद सीईओ को लंबित शिकायतों के निराकरण गुरुवार तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज -कॉलम

### पुराने माधव कॉलेज के पास मिली अधेड़ की लाश

**उज्जैन।** देवास गेट बस स्टैंड के पास पुराने माधव कॉलेज भवन के समीप से सोमवार दोपहर एक व्यक्ति की लाश देवास गेट थाना पुलिस द्वारा लोगों की सूचना पर बरामद की गई। मृतक 50 वर्ष के लगभग प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने पहचान के प्रयास किया लेकिन उसके पास से कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। आसपास लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कई दिनों से यहां पर भिक्षुक के रूप में घूम रहा था और चामुंडा माता मंदिर पर मिलने वाले निश्शुल्क भोजन का सेवन कर रहा था। पुलिस के अनुसार फिलहाल मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की चार दिन बाद मौत

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम आलाखेड़ा में रहने वाले शंभू पिता भेरुसिंह 41 साल को घायल हालत में 9 अप्रैल को परिजन उज्जैन लेकर पहुंचे थे, शंभू सिंह को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था चार दिनों तक चल उपचार के दौरान सोमवार दोपहर शंभू की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि गांव में ही अज्ञात वाहन ने घर लौटते समय टक्कर मार दी थी जिसमें शंभू घायल हुआ था। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामला झारडा थाना क्षेत्र का होने पर जांच के लिए मर्ग डायरी भेजी जाएगी।

### मामूली विवाद में ग्रामीण पर दो भाइयों ने किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम उंडासा क्षेत्र में पोपसिंह पिता भेरुलाल 48 वर्ष को रविवार-सोमवार रात घायल हालत में परिजन और पडोसी चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। घायल पोपसिंह ने बताया कि प?ौसी के यहां जन्मदिन का कार्यक्रम था, जहां गाने बजाए जा रहे थे इसी दौरान गांव में रहने वाला विशाल आया और पडोसी से आवाज कम करने की बात को लेकर विवाद करने लगा, विशाल को विवाद करता देख उसे समझाया और कार्यक्रम होने की बात कही तो वह लौट गया लेकिन कुछ देर भारी अपने भाई चीनी मुर्गी के साथ वापस लौटा और गाली गलौज करते हुए कहा कि तू बीच में क्यों बोल रहा था, उन्हें समझाने की कोशिश की तो दोनों भाइयों ने लाठियो से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो दोनों भाई जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### जमीन पर कब्जा करने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नलखेडा में जमीन पर कब्जा करने की बात पर 2 पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर एक पक्ष के धर्मेन्द्र पिता लालू ने शिकायत दर्ज कराई कि जमीन नाम नहीं करने की बात पर दिनेश और उसके साथियों ने मारपीट की है। वहीं दिनेश पिता मोहनलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि धर्मेन्द्र और उसके परिवार के सदस्य जमीन पर कब्जा करना चाहते है। रोकने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष एक ही परिवार के है, जिनके बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

### पहले कार को मारी टक्कर फिर चालक को धमकाया

**उज्जैन।** देवासरोड ग्राम चंदेसरा ब्रिज के पास बायपास मार्ग पर सोमवार सुबह तेजगति से दौडते बुलेट चालक ने पीछे से बैंगलोर कर्नाटक के रहने वाले रितेश पिता मुन्नालाल की कार को टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। रितेश ने नुकसान होने पर बुलेट चालक को देखकर चलाने की बात कहीं तो उसने पहले तो गाली-गलौच शुरू की और फिर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में नागझिरी थाना पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। रितेश परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आ रहा था।

### बुलेरो चालक पर दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** महिदपुर रोड थाना क्षेत्र के ग्राम सगवाली और इसनखेडी के बीच 21 मार्च को बुलेरो पलटी खा गई थी। जिसमें सवार जानीबाई पति नागुलाल राठौर 65 साल निवासी ग्राम चिवडी की मौत हो गई थी, वहीं तीन-चार अन्य घायल हो गये थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घायलों के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि चालक तेजगति से चला रहा था। जिसके चलते बुलेरो पलटी थी। पुलिस ने जांच और तथ्यों के आधार पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 215 (ए), 106 (1) में प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 190-0 |
| मेन बाजार | 138-2 | 589-3 |
| कल्याण नाइट | 268-6 | 127-0 |
| मिलन डे | 159-5 | 478-9 |
| मिलन नाइट | 224-8 | 249-5 |
| मधुर डे | 168-5 | 489-1 |
| मधुर नाइट | 255-2 | 556-6 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

### किराये से रहकर सीडीएस की तैयारी कर रहा छात्र निकला चोर ...

# शौक पूरा करने के लिये चुराये थे 10 लाख के आभूषण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले परिवार के मकान में हुई लाखों के आभूषणों की चोरी में किराये से रहकर सीडीएस की तैयारी कर रहा छात्र आरोपी होना सामने आया है। शौक पूरा करने के लिये उसने चोरी को अंजाम दिया था। छात्र के साथ उसके 2 साथियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों से 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ जारी है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले रतनेश जोशी के मकान में संदेहास्पद तरीके से 10 अप्रैल को लाखों के आभूषण चोरी होना सामने आया था। रतनेश के पुत्र केशव ने मामले की शिकायत पुलिस दर्ज कराते हुए बताया था कि घटना के समय वह कोचिंग गया हुआ था और मां तृप्ति परिसर में रहने वाले नाना-नानी के घर गई हुई थी। मकान के ग्राउंड फ्लोर और ऊपरी मंजिल पर किरायेदार रहते है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान ऊपरी मंजिल पर किराये से रहने वाले वेदांत पिता बलराम त्रिवेदी 20 साल निवासी ग्राम रावदियापीर थाना भाटपचलाना पर संदेह हुआ। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने एएसआई तवंरसिंह केवला, प्रधान आरक्षक चंद्रपालसिंह मंडलोई, दिग्विजयसिंह, धर्मेन्द्र सूर्यवंशी, आरक्षक श्यामवरण सिंह और मुकेश मालवीय की टीम गठित की। टीम द्वारा पड़ताल शुरू की गई और संदेही वेदांत को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर वेदांत टूट गया और उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उसने बताया कि चोरी के आभूषण बेचने के लिये दोस्त मोहित उर्फ मोंटी पिता श्याम दत्ता निवासी चाणक्यपुरी और अक्षत उर्फ अंशु पिता रमेश ठाकुर निवासी सुदर्शन नगर को दिये है। पुलिस ने तत्काल ही आभूषण बेचने की फिराक में निकले दोनों युवकों को हिरासत में लिया और चोरी के आभूषण 6 सोने की चूडियां, 3 अंगूठी, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स कीमत 10 लाख रूपये बरामद कर लिया। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि चोरी का खुलासा होने और आरोपितों के गिरफ्त में आने पर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।



### शहर में रहकर बढ़ने लगा था शौक

थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा सीडीएस की तैयारी के लिये गांव से शहर आये वेदांत ने किराये से जोशी परिवार का मकान लिया था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि शहर में रहने के दौरान मंहगे शौक बढ़ने लगे थे। उसे पता था कि मकान मालिक के पास काफी माल है। उसने सूना मकान होने का फायदा उठाकर चोरी को अंजाम दिया था।

## दबिश में युवक के पास मिली हजारों की अवैध शराब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद अवैध शराब का कारोबार शहर में बढ़ता दिखाई दे रहा है। रविवार-सोमवार रात नीलगंगा पुलिस ने दबिश देकर एक युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से 28 हजार की देशी शराब बरामद की गई है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि क्षिप्रा नदी किनारे कच्चा मसान क्षेत्र में एक युवक 2 झोले में शराब भरकर लाया है और बेचने का काम कर रहा है। खबर पर मिलते ही थाना प्रभारी तरूण कुरील के निर्देशन में आरक्षक कमल पटेल और पुष्पराज सिंह के साथ कच्चा मसान क्षेत्र में घेराबंदी की गई। एक नदी किनारे एक युवक 2 झोलों के साथ दिखाई दिया। जिसे दबिश देकर पकड़ा गया और विमल पाऊच के झोलों को खोला तो उसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ करने पर युवक का नाम श्याम पिता गोविंद गुप्ता 42 साल निवासी विष्णुपुरा सामने आया। उसे थाने लाया गया, जहां आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। श्याम गुप्ता के पास से बरामद देशी शराब के क्वार्टर 350 थे, जिसकी कीमत 28 हजार रूपये पाई गई है। प्रधान आरक्षक राठौर के अनुसार पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले है। संभावना है कि अवैध शराब से जुडे कुछ ओर लोगों की गिरफ्तार हो सकती है। फिलहाल आरोपित श्याम को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



### गरोठ ब्रिज के नीचे से पकड़ाया युवक

नागझिरी थाना पुलिस ने रविवार-सोमवार रात डेढ़ बजे के लगभग गश्त के दौरान गरोठ ब्रिज के नीचे प्रेमनगर क्षेत्र से कान्हा पिता पोपसिंह चौधरी निवासी चंदेसरा को पकडा। उसके पास भी झोले में भरे देशी शराब के 65 क्वार्टर और 11 क्वार्टर अंग्रेजी शराब के बरामद किये गये। कान्हा के खिलाफ धारा 34 आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपित देवास से शराब बेचने के लिये लाया था।

## हत्या की धमकी देकर बदमाशों ने मचाया था उत्पात



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाथ में तलवार लेकर आये बदमाशों ने हत्या की धमकी दी और प्लाट अपने नाम कराने की बात कहने लगे। यहीं नही बदमाशों ने पीडित परिवार के मकान और बाइक में तोडफोड कर उत्पता मचाते हुए पूरे क्षेत्र में दहशत फैलाई। पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नावदा में 7 अप्रैल को राजपूत परिवार से जुडे 2 भाईयों ने अपने साथी के साथ मिलकर पाटीदार परिवार के घर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए कस्बे में दहशत फैलाई थी। तीनों ने तलवार लहराते हुये धमकी दी कि प्लाट हमारे नाम नहीं किया तो जान से मार देगें। उन्होने पाटीदार परिवार की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटनाक्रम के बाद मामले में आस्था पिता गणेश पाटीदार 23 साल ने मामले की शिकायत बडनगर थाने पहुंचकर दर्ज कराते हुए बताया कि रात में घर पर वह अपनी मां संगीता और दादी कमलाबाई के साथ घर पर थी। तभी सामने रहने वाला बबलू पिता हाकमसिंह अपने भाई विशाल और अरूण पिता दरबारसिंह निवासी पायकुंडा के साथ आये थे। तीनों ने तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्लान नाम करने की बात कहीं और मकान और बाइक में तोडफोड की। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि घटना की मौके पर तस्दीक की गई, सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें बदमाशों द्वारा उत्पात साफ दिखाई दिया। आस्था पाटीदार की शिकायत पर हत्या की धमकी देने, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिये एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, नारायण सरा, कैलाश गरवाल, सैनिक गोवर्धन डाबी की टीम बनाई गई। 6 दिनों की तलाश के बाद तीनों को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे तलवार बरामद की गई। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। दोनों भाई बबलू और विशाल के खिलाफ पूर्व में 5 प्रकरण दर्ज है।

## हिस्ट्रीशिटर बदमाश के परिवार से जुड रहे गोलीकांड के तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढांचा भवन में शनिवार-रविवार रात गोली लगने से घायल हुए युवक के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बड़ रही है उसके तार हिस्ट्रीशिटर बदमाश रौनक गुर्जर के परिवार से जुड़े दिखाई दे रही है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद मामले का खुलासा करेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपीन माहुरकर 18 साल शनिवार-रविवार रात पैर में गोली लगी थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गोली लगने से घायल अतिक के बयान दर्ज करने रात में पुलिस अस्पताल पहुंची थी। उसने ज्ञानेश्वरी माता मंदिर ब्रिज के पास एक्टिवा से आये 2 नकाबपोशों द्वारा गोली मारने की बात पुलिस को बताई थी। घायल ने आला बाथम का नाम लिया था, पुलिस ने आला बाथम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बड रही है, गोलीकांड फर्जी होना सामने आ रहा है। घायल कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर का साथी होना सामने आया है। जांच के दौरान रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर जिस दोना-पत्तल के कारखाने में रहते है, वहां काफी मात्रा में खून मिला है। वहीं घायल द्वारा बताये गये घटनास्थल पर गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस को आशंका है कि रौनक गुर्जर के परिवार ने किसी को झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामला संदिग्ध होने पर मनोहर गुर्जर से पूछताछ की जा रही है। वहीं रौनक गुर्जर शहर में नहीं है, उसका पता लगाकर पूछताछ की जायेगी। फिलहाल मामला संदिग्ध बना हुआ है। पुलिस जांच के बाद सच सामने आ पायेगा।

**आला बाथम से की गई पूछताछ-** घायल अतिक ने जिस आला बाथम पर गोली चलाने का संदेह जाता था, चिमनगंज थाना पुलिस ने उसे भी पूछताछ के लिये कस्टड़ी में लिया है। चिमनगंज थाना एसआई राजाराम चौहान के अनुसार आला बाथम घटना के समय अपने अम्बोदिया स्थित खेत पर होना सामने आ रहा है। फिलहाल सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल लोकेशन से मामले का ट्रेस करने का प्रयास जारी है।

**गोली चलाई, मकान में लगाई आग-** जिस रात रौनक गुर्जर का साथी अतिक गोली लगने से घायल हुआ, उसी रात 11.30 बजे के लगभग कुछ बदमाशों द्वारा हिस्ट्रीशिटर रौनक के मकान में पेट्रोल डालकर आग लगाई गई। इस दौरान आग लगाने वाले बदमाशों ने गोली भी चलाई। यहीं नहीं आग लगाने वालों में 2 झुलस भी गये। गोली चलाने के दौरान वहां से अपनी मां के साथ गुजर रही मासूम बालिका बाल-बाल बच गई। आगजनी की घटना का सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। जिसमें 10 से 12 लोग दिखाई दे रहे है। मामले का लेकर चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया का कहना था कि सोमवार शाम तक कोई भी मकान में आग लगाये जाने की शिकायत दर्ज कराने थाने नहीं आया था। वीडियो सामने आया है, उसमें दिखाई दे रहे बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

### अब पुलिस पता लगायेगी कैसे झुलसा था युवक

**उज्जैन।** रविवार रात चरक अस्पताल में भर्ती युवक ने अपने साथ लूट और तेजाब डालकर जलाने की घटना पुलिस को बताई थी। पुलिस ने पड़ताल शुरू की तो ना लूट होना सामने आया, ना ही तेजाब डालकर जलाने की पुष्टि हो पाई। अब पुलिस युवक से पूछताछ कर उसके झुलसने का सच पता लगाने का प्रयास कर रही है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के शहीद नगर में रहने वाले रोहित पिता हरिओम सोलंकी 29 साल रविवार रात चरक अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसके शरीर का एक हिस्सा झुलसा हुआ था। पुलिस को युवक के जलने की खबर मिली तो अस्पताल पहुंची, जहां उसने बताया कि कानीपुरा मार्ग से आते समय रात में उसे बाइक से आये तीन बदमाशों ने रोका और मारपीट कर मोबाइल, 3 हजार रूपये लूट लिये। बदमाशों ने उस पर तेजाब डाल दिया था, जिससे वह झुलसा है। मामला संगीन होने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की। सोमवार को घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों को देखा गया। जिसमें युवक रात को नहीं शाम के समय एक साथी के साथ नशे की हालत में आता दिखाई दिया। एक रेस्टोरेंट के सामने लगे कैमरे से पता चला कि उसके साथी ने सड़क किनारे बैठाकर उसका शर्ट भी बदला, कुछ लोग द्वारा पूछताछ का प्रयास किया तो उनके साथ भी विवाद किया गया। फुटेज में दिख रहे साथी की पहचान की गई तो मदन काका मिस्त्री होना सामने आया। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि मदन से पूछताछ की जा रही है। उसके हाथ भी झुलसे है। रोहित का शर्ट भी बरामद कर लिया है, जिससे तेजाब की गंध नहीं आ रही है। अब इस बात का पता लगाया जा रहा है कि रोहित के साथ घटना किसी प्रकार हुई थी।

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन 456010
- 0734 2511048, फैक्स 0734 2511047
क्रमांक 51706 दिनांक .....
// जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की संत नगर योजना में भूखंड/भवन क्रमांक 105, श्री घनश्याम पाण्डेय पिता श्री पंडित राज कैलाश पाण्डेय निवासी 105 संत नगर सांवेर रोड उज्जैन म.प्र. के नाम पर दर्ज है श्री घनश्याम पाण्डेय पिता श्री पंडित राज कैलाश पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 13.12.2025 को हो जाने के कारण उक्त सम्पति पर श्री अवनीन्द्र पाण्डेय पिता श्री डॉ. अरूण पाण्डेय निवासी 105 संत नगर उज्जैन म. प्र. का नामांतरण स्वयं के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अत: आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पति गिरवी / रहन रखी गयी हो या सोदा किया गया हो अथवा उक्त सम्पत्ति मृतक अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखीत रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपति की पावती प्राप्त करे, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राधिकरण के द्वारा मृतक अंतरण की अनुमति दिए जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधराण को सुचित किया जाता है कि, ग्राम भैसुनी प.ह.नं. 10 तह. देवास स्थित सर्वे नं. 109/2 रकबा 0.050 हैक्टेयर पैकि 30 बाय 80 फिट कुल 2400 वर्गफिट का भु-खण्ड जिसकी चर्तुसीमा-पूर्व में रामचन्द्र की भूमि, पश्चिम मे विजयगंज मंडी रोड़, उत्तर में परमानंद की भूमि एवं दक्षिण में -इसी सर्वे नम्बर की शेष भूमि। उक्त चर्तुसीमा एवं क्षेत्रफल से वर्णित भु-खण्ड को मेरी पक्षकार श्रीमती भवना पत्नि सजंय यादव निवासी 195 वल्लभ नगर (सैठी नगर) उज्जैन द्वारा श्रीमती देवबाई पति स्व. रतनलाल एवं विष्णु पिता रतनलाल से रूपये 13,00,000/- मे क्रय करने का सौदा किया होकर मूल्य पैटे रूपये 12,24,000/- अदा कर दिये है, जिसकी अपील क्र. 29/2026 प्रथम अपर जिला जज महोदय, श्री उमाशंकर जी अग्रवाल साहब के न्यायालय में लम्बित होकर विचाराधिन है ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादी उक्त भु-खण्ड का सौदा श्रीमती देवबाई पति स्व. रतनलाल एवं विष्णु पिता रतनलाल निवासी भैसुनी से नहीं करे इसके उपरांत भी यदि किसी व्यक्ति संस्था इत्यादी ने कोई व्यवहार श्रीमती देवबाई पति स्व. रतनलाल एवं विष्णु पिता रतनलाल से किया तो ऐसा संव्यवहार मेरी पक्षकार के स्वत्व के मुकाबले शुन्य एवं अवैध माना जाकर मेरी पक्षकार के स्वत्व पर बंधन कारक नहीं होगा सो सुचित हो।

**मकबूल एहमद सिद्दकी अभिभाषक**
**70, लक्ष्मी नगर बी.एन.पी. रोड़ देवास**
**मो. 9713747090**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s S & S Stone Crusher, Partner Shri Sachin Patni (Owner) Akyanjik Stone Quarry, Mining of minerals, Capacity: 27,000 cum/year (Gitti-15,000 cum/year & M-sand 12,000 cum/year) Area 1.410 Hect., Khasra No.69 , Village Akyanjik Tehsil Nagda, District Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 25.05.2026 को समय दोपहर 03:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम आक्यानजिक तहसील नागदा जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**( क्षेत्रीय अधिकारी )**
**उज्जैन**



# शिक्षक, छात्र और अनुशासन

हाल ही में मैं एक जगह गई थी, जहां दो लोग मिले। उनके चेहरे देखकर ही लगा कि वे बड़े दुखी हैं। उन्होंने अपना परिचय दिया कि हम प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षक हैं। मैंने पूछा, इतने दुखी क्यों हैं? जवाब मिला, बड़ा बुरा हाल है। छात्रों को हम कोई सजा दे नहीं सकते; न मानसिक और न शारीरिक। यह कानूनी अपराध हो गया है। अब बच्चे सुनते ही नहीं। कोई अनुशासन ही नहीं रहा। उनके भीतर हमारे लिए कोई सम्मान ही नहीं है।

मैंने पूछा, आप लोग सजा देने को इतने आतुर क्यों हैं? उनमें से एक शिक्षक ने कहा, हमने छुटपन में इतना भुगता है कि उसे किसी पर निकालेंगे नहीं? बिना दंड दिए बच्चे सुधरेंगे कैसे? मैंने उनसे पूछा, बच्चों को अनुशासित करने के लिए क्या आपने कभी प्रेम का उपयोग किया? छोटे बच्चे प्रेम से बहुत जल्दी मान जाते हैं और जिनसे वे प्रेम करते हैं, उनका आदर भी सहज ही करते हैं, यह मेरा अनुभव है। वे दोनों चौंक गए। स्कूल में और प्रेम? यह तो कभी सोचा ही नहीं। सनातन धारणा तो यही है कि जितना दंड देंगे, बच्चे उतने ही काबू में रहेंगे। यह बहुत दुखद बात है कि बच्चों को सिखाने में, संस्कारित करने में किसी को प्रेम याद नहीं आता। नन्हे बच्चों से कठोरता ही बरती जाती है। क्या यह अमानवीय नहीं है? ओशो ने शिक्षा की दु:स्थिति पर चर्चा की है और उसे सुधारने के कई सुझाव भी दिए हैं, पर न तब उनकी बात किसी ने मानी, न अब मानी जाती है। खासकर प्राथमिक शिक्षा की बहुत उपेक्षा की जाती है। जबकि यही समय है, जब बच्चों में संस्कार डाले जा सकते हैं। इसी आयु में जीवन की नींव पड़ती है। मिट्टी जब तक गीली है, तभी तक उसे कोई भी आकार दिया जा सकता है।

जीवन को देखने का हमारा ढंग बहुत उल्टा है। शिक्षा में अनुशासन पर अत्यधिक बल दिया जाता है। आजकल सभी कहते हैं, बच्चे उद्दंड हो गए हैं, किसी की सुनते ही नहीं, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इसकी वजह क्या है? ओशो के अनुसार, कठोर अनुशासन की प्रतिक्रिया में ही स्वच्छंदता पैदा होती है। स्वच्छंदता सदा ही परतंत्रता की प्रतिक्रिया है। स्वतंत्रता से भरी चेतना कभी भी स्वच्छंद नहीं होती है। मनुष्य को स्वच्छंदता के रोग से बचाना हो, तो उसकी आत्मा को परिपूर्ण स्वतंत्रता का वायुमंडल मिलना चाहिए। दूसरों से आया हुआ अनुशासन भी परतंत्रता है। ऐसा अनुशासन जगह-जगह टूट रहा है, तो बहुत चिंता व्याप्त हो गई है। आंतरिक समझ हो, तो व्यक्ति में और उसके जीवन में एक स्वत:स्फूर्त अनुशासन अपने आप पैदा होता है। उसे लाना नहीं पड़ता। आदर अगर किसी से मांगना पड़े, तो वह सच्चा नहीं होता। शिक्षक स्वयं को प्रेम और करुणा से भर दे, तो अपने आप आदरणीय हो जाता है।



**सम्पादकीय**

## अलविदा आशा ताई

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का निधन दुखद है। उनके साथ हिंदी सिनेमा के एक बेहद सुरीले सफर का अंत हो गया है। आशा के गाए गीत तो हमेशा हमारा मनोरंजन करते रहेंगे, मगर उनका कोई नया आलाप अब सुनने को नहीं मिलेगा। आशा ताई के नाम से पुकारी जाने वाली 92 वर्षीया गायिका की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राजनीति, नौकरशाही, उद्योग, खेल समेत तमाम क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने उनकी मौत पर गहरा अफसोस जताया, बल्कि पड़ोसी देशों के मीडिया ने भी उनकी मृत्यु की खबर को प्रमुखता से प्रसारित-प्रकाशित किया है। शनिवार शाम को कार्डियक अरेस्ट के बाद जब मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराने की खबर आई थी, तभी से उनके शैदाई बेचैन थे और उनके ठीक होने की दुआएं कर रहे थे, मगर होनी ने आशा ताई की विदाई का समय इतवार तय कर रखा था और वह इस दुनिया को अलविदा कह गईं। बकौल गालिब, मौत का एक दिन मुअय्यन है, नींद क्यों रात भर नहीं आती। आशा ताई इस कैफियत से आजाद हो गईं।

आशा भोसले ने एक सुदीर्घ और यशस्वी जीवन जिया, मगर इससे उनका संघर्ष ओझल नहीं हो सकता। पहली शादी के कटु अनुभव से लेकर फिल्मों में मुख्य नायिका की आवाज बनने तक, निजी और पेशेवर जिंदगी में उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखे। उन्होंने इन सबका अपने दम पर मुकाबला किया और जिंदगी में वह मुकाम हासिल किया, जो विरले ही किसी को मिलता है। आशा भोसले एक ऐसी शख्सियत की मालकिन थीं, जिसमें जिंदादिली और हिमाकत कूट-कूटकर भरी थी। शायद इसीलिए वह अंतिम समय तक सक्रिय बनी रहीं। यह तथ्य किसी को भी हैरान कर सकता है कि 92 की उम्र में भी वह एक गीत का रिहर्सल कर रही थीं। उनके बागी तेवर ने हिंदी फिल्म संगीत को कई यादगार नगमे दिए हैं। सत्तर के दशक में जब उन्होंने कारवां के लिए पिया तू अब तो आजा गाया था, तब इसे उनका दुस्साहस माना गया था, मगर उनकी गायिकी ने इस गीत को ऐसा बना दिया कि नौजवान पीढ़ियां आज भी इस पर झूमती हैं। लगभग बीस भाषाओं में बारह हजार गीतों का रिकॉर्ड ही यह बता देता है कि आशा भोसले ने कितना काम किया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि अपने भीतर की चुलबुली लड़की को उन्होंने कभी मरने नहीं दिया।

**प्रसंगवश 14 अप्रैल: डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती**

# क्या हम बना पाए डॉ. अंबेडकर के सपनों का न्यायपूर्ण भारत?



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

नीले आकाश में लहराते झंडे, सड़कों पर उमड़ती भीड़ और स्मारकों पर पुष्पांजलि-हर वर्ष अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) का यह दृश्य राष्ट्रीय चेतना का उत्सव बन जाता है। लेकिन इस उत्सव के बीच एक गहरा प्रश्न खड़ा रहता है। क्या हम सच में उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समानता, न्याय और सम्मान के आधार पर देखा था? आज विकास और तकनीक की प्रगति के बावजूद समाज में असमानता और अवसरों की दूरी क्यों बनी हुई है? यह विरोधाभास हमारी सामाजिक सच्चाई को उजागर करता है। अंबेडकर जयंती हमें श्रद्धांजलि से आगे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है-संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवित सामाजिक संकल्प है, जिसे हर पीढ़ी को अपने आचरण से साकार करना होता है।

डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, ज्ञान और आत्मसम्मान की एक प्रेरक गाथा है। ऐसे समाज में जन्म लेकर जहाँ पहचान जन्म से तय होती थी, उन्होंने शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाया। देश-विदेश के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर उन्होंने साबित किया कि प्रतिभा किसी जाति या वर्ग की सीमाओं में बंधी नहीं होती। उनका संघर्ष केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं था, बल्कि पूरी व्यवस्था को चुनौती देने वाली बौद्धिक क्रांति था। उन्होंने जाति व्यवस्था को सामाजिक ढाँचे से अधिक मानव गरिमा पर आघात माना। आज भी आधुनिकता के इस दौर में भेदभाव के सूक्ष्म रूप उनके संघर्ष की याद दिलाते हैं। उनका जीवन स्पष्ट करता है कि परिवर्तन की शुरूआत विचारों से होती है, सुविधाओं से नहीं।

अंबेडकर का सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान के निर्माण में उनके दूरदर्शी विचार हैं। वे केवल कानून निमार्ता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के शिल्पकार थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक अर्थहीन है जब तक सामाजिक लोकतंत्र स्थापित न हो। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व केवल शब्द नहीं, बल्कि संतुलित समाज की नींव हैं। आज के भारत में डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच यह जरूरी है कि विकास का लाभ हर वर्ग तक समान रूप से पहुँचे। यदि सामाजिक असमानता बनी रहती है, तो संविधान की आत्मा अधूरी रह जाती है। उनका यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1950 में था।

शिक्षा को लेकर अंबेडकर की सोच अत्यंत क्रांतिकारी और दूरदर्शी थी। उनके अनुसार शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि चेतना का विस्तार है। वे मानते थे कि शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को पहचान सकता है और अन्याय का विरोध कर सकता है। आज जब भारत डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब भी ग्रामीण और वंचित वर्ग की शिक्षा की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। शिक्षा का असमान वितरण उनके सपनों के भारत की राह में बड़ी बाधा है। उनका संदेश ह्लशिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करोह्व आज भी युवाओं के लिए केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन दर्शन होना चाहिए। शिक्षा ही वह शक्ति है जो अंधकार को प्रकाश में बदल सकती है।

महिलाओं के अधिकारों पर अंबेडकर का दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील था। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह और तलाक जैसे अधिकार दिलाने की मजबूत पैरवी की। उनका मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति तब तक संभव नहीं जब तक उसकी आधी आबादी स्वतंत्र और सशक्त न हो। आज महिला सशक्तिकरण, समान वेतन और नेतृत्व में भागीदारी की बात होती है, जिससे स्पष्ट है कि अंबेडकर का दृष्टिकोण समय से आगे था। उन्होंने श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए भी लगातार संघर्ष किया। उनका विचार था कि हर व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन और सम्मानजनक रोजगार मिलना चाहिए। यह सोच आज के आर्थिक विकास मॉडल को अधिक मानवीय बनाती है।

अंबेडकर ने सामाजिक न्याय को लोकतंत्र की आत्मा माना। उनके अनुसार समाज तब तक स्वस्थ नहीं हो सकता जब तक उसमें समान अवसर और सम्मान का भाव न हो। जाति आधारित असमानता को उन्होंने ग्रेडेड इनइक्वालिटी (स्तरबद्ध असमानता) कहा, जो समाज को भीतर से कमजोर करती है। आज के भारत में विविधता को शक्ति के रूप में स्वीकार करने का प्रयास उनके विचारों की आधुनिक व्याख्या है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह विविधता वास्तव में समानता में बदल पाई है? आज भी कई स्तरों पर भेदभाव और अवसरों की असमानता दिखाई देती है। अंबेडकर का संदेश स्पष्ट है-सच्चा लोकतंत्र वही है जहाँ अंतिम व्यक्ति भी समान अधिकारों के साथ खड़ा हो सके।

आज के भारत में जब हम वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं, तब अंबेडकर की विरासत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव तभी सार्थक हैं जब आंतरिक समाज मजबूत और समान हो। उनका दृष्टिकोण केवल राजनीतिक सुधार तक सीमित नहीं था, बल्कि एक नैतिक समाज की स्थापना का था। युवाओं के लिए उनका संदेश आज भी मार्गदर्शक है कि परिवर्तन केवल नीतियों से नहीं, बल्कि सोच से आता है। यदि नई पीढ़ी उनके विचारों को अपनाए, तो सामाजिक विभाजन कम किया जा सकता है। उनका सपना एक ऐसे भारत का था जहाँ हर व्यक्ति सम्मान और अवसर के साथ आगे बढ़ सके।

अंबेडकर जयंती इतिहास को दोहराने का नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने का क्षण है। यह केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्मचेतना को जगाने वाली पुकार है। यह हमें कठघरे में खड़ा करता है-क्या हम उस भारत की रचना कर पा रहे हैं, जिसका स्वप्न समानता और न्याय पर आधारित था, या फिर हम केवल औपचारिक श्रद्धांजलि में उलझे हुए हैं? 2026 का भारत प्रगति की तेज धारा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस धारा को सभी तक समान रूप से पहुँचाना अभी भी सबसे बड़ी परीक्षा है। अंबेडकर का संदेश आज भी उतना ही तीखा और स्पष्ट है-समानता ही स्वतंत्रता की असली शर्त है। यदि उनके विचार केवल स्मृति नहीं, बल्कि व्यवहार बन जाएँ, तो एक न्यायपूर्ण और सशक्त भारत कोई सपना नहीं रहेगा, बल्कि वास्तविकता बन जाएगा।

## स्मार्ट-गोबर

रामपुरिया गांव के स्वयंभू वैज्ञानिक 'गबडू लाल' ने जब प्रधानी के चुनाव में कदम रखा, तो उन्होंने पारंपरिक विकास की बलि चढ़ा दी। उनका चुनावी मुद्दा था-'गोबर का डिजिटलाइजेशन'। गबडू लाल का तर्क था कि जिस गांव का पशुधन केवल सड़क पर कीचड़ फैला रहा है, वह गांव कभी आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव में 'गोबर-माइनिंग सेंटर' खोलेंगे, जहाँ हर गाय और भैंस के गोबर को 'ऑर्गेनिक बिटकॉयन्स' में बदला जाएगा। उनका दावा था कि इस गोबर से ऐसी गैस बनाई जाएगी जो न केवल चूल्हा जलाएगी, बल्कि ग्रामीणों के दिमाग की जंग लगी बत्तियां भी रोशन कर देगी। गांव के लोग, जो अब तक गोबर को सिर्फ उपले बनाने के काम लाते थे, अचानक उसे 'काला सोना' समझकर अपनी तिजोरियों में रखने का सपना देखने लगे। गबडू लाल ने एक पुराने जेनरेटर पर पेंट करके उसे 'गोबर-प्रोसेसर' घोषित कर दिया था, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग अपनी नाक दबाकर आने लगे थे।

प्रचार के अंतिम चरण में गबडू लाल ने गांव के अखाड़े के पास एक 'नेचर-स्कैनर' लगाया। यह वास्तव में एक टूटा हुआ सीसीटीवी कैमरा था जिसे उन्होंने एक नीम के पेड़ पर रस्सी से बांध दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि यह कैमरा गांव के हर पशु की मानसिक स्थिति और उसके 'आउटपुट' की क्वालिटी पर नजर रख रहा है। जो भी ग्रामीण गबडू लाल को वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसकी भैंस का गोबर सीधे 'प्रीमियम ग्रेड' में रजिस्टर होगा और उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के भाव बेचा जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधु राम' नाली-खड़ंजे की पुरानी रट लगा रहे थे, लेकिन जनता को तो गोबर में डॉलर छपते दिख रहे थे। गबडू लाल ने एक लाउडस्पीकर पर गायों की डकार की आवाजें रिकॉर्ड करके चला दीं, जिसे उन्होंने 'प्रकृति का अप्रूवल' बताया। लोग अपने जानवरों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने लगे ताकि गबडू लाल की मशीन में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सके। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और गबडू लाल भारी बहुमत से जीत गए, पूरा गांव अपनी 'गोबर-रसीद' और डॉलर का हिस्सा मांगने उनके घर पहुंचा। गबडू लाल ने बड़े इत्मीनान से एक बड़ा सा कड़ाहा खोला जिसमें ताजा गोबर भरा था और सबको एक-एक फावड़ा थमा दिया। जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, हमारे डॉलर और बिटकॉयन्स कहाँ हैं?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 अप्रैल 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:11 सूर्यास्त 18:44
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - द्वादशी 24:12 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - शतभिषा 16:05 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - शुक्ल 15:38 उपरांत ब्रह्म
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 25 तारिख

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। विरोध होगा।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी।

**कर्क-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला-** लंबित कार्य पूर्ण होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु-** नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मकर-** विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

**कुंभ-** धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। जोखिम न उठाएं। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामायिक**

## देश को दहलाने की फिराक में आतंकी



जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में देश को दहलाने की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकियों को भारी मात्रा में हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई न केवल सराहनीय है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और दक्षता का भी प्रमाण है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में शांति का वातावरण अवश्य मजबूत हुआ है, लेकिन यह मान लेना कि आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है, वास्तविकता से दूर होगा। आज भी घाटी में कुछ ऐसे तत्व मौजूद हैं, जो आतंकियों को पनाह देकर सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को आसान बना रहे हैं। यह स्थिति राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है।

भारतीय सेना और कश्मीर पुलिस की मुस्तैदी के कारण घाटी में आतंकी अपने मंसूबों को पूरी तरह अंजाम नहीं दे पा रहे हैं। बावजूद इसके, दस-दस और बारह-बारह लाख रुपये के इनामी आतंकियों का वर्षों तक देश के भीतर छिपकर रहना और अपना नेटवर्क खड़ा कर लेना इस बात की ओर भी संकेत करता है कि उन्हें कहीं न कहीं स्थानीय स्तर पर सहयोग मिल रहा है। कश्मीर पुलिस द्वारा बारह लाख के इनामी दुर्दांत आतंकी अबू हुरैरा की सोलह वर्षों बाद की गई गिरफ्तारी ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया है कि देश के भीतर कुछ लोग आतंकियों को अपना बनाकर, उनकी पहचान छिपाने में मदद कर, राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का भी संकेत है।

आज भारत को जितना खतरा बाहरी दुश्मनों से नहीं है, उससे कहीं अधिक खतरा देश के भीतर छिपे ऐसे गद्दारों से है, जो स्वार्थवश दुश्मनों के हाथों बिक जाते हैं। यदि देश के भीतर ही लोग दुश्मनों को शरण देने लगें, तो सेना और पुलिस कब तक अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी सुरक्षा करती रहेंगी ? यह भी एक गंभीर प्रश्न है कि सीमा पर कड़ी निगरानी के बावजूद पाकिस्तानी आतंकी देश में प्रवेश कर भारतीय नागरिकों की तरह पहचान कैसे बना लेते हैं। इस संदर्भ में भारत सरकार को न केवल पाकिस्तान सीमा, बल्कि नेपाल, बांग्लादेश और चीन से लगती सीमाओं पर भी और अधिक सतर्कता एवं तकनीकी निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है।

भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और आर्थिक प्रगति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुछ शक्तियाँ देश को अस्थिर करने के प्रयासों में लगी हुई हैं। आतंकवाद के माध्यम से भय और असुरक्षा का माहौल बनाकर भारत की प्रगति को रोकने की साजिश रची जा रही है, जिसमें दुर्भाग्यवश देश के भीतर के कुछ तत्व भी सहयोगी बन जाते हैं।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

अब समय आ गया है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने आसपास हो रही संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखे। राष्ट्र की सुरक्षा केवल सेना और पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब तक हम भीतर के दुश्मनों को पहचानकर उनके खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक बाहरी खतरे भी पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएंगे।

# शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के पैरोकार डा. आंबेडकर



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

डा. आंबेडकर ने कहा था कि 'जातीय भेदभाव और सामाजिक असमानता के विरूद्ध शंखनाद हेतु शिक्षा और संगठन सर्वश्रेष्ठ हथियार है।' इसमें वंचितों के लिये स्वयं को समर्थ और आत्मनिर्भर बनाने का संदेश है परंतु अपनी लकीर बड़ी करने के लिये दूसरे की लकीर छोटी करने का संदेश कतई नहीं है जैसा कि स्वतंत्रता के बाद सत्ता में आए वंचितों के हितचिंतक राजनीतिक दल नित्य नए कानून लाकर करते आए है। उक्त संदेश में सवर्णों के विरुद्ध हिंसा और विष वमन की अनुशंसा भी नहीं है जैसा कि आज सोशल मीडिया पर नित्य देखा जा सकता है। यह दोनों प्रवृत्तियां सामाजिक वैमनस्य को जन्म देने वाली होकर आंबेडकर के दृष्टिकोण को समझने में नाकामी की परिचायक है। या संभवतः जान बूझकर सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा षड्यंत्र है, यह एक गलती सुधारने के प्रयास में दूसरी गलती करने के समान है।

राजनीतिक दलों ने तो सत्ता प्राप्ति हेतु सभी समाज विरोधी, देश विरोधी, धर्म विरोधी एवं विघटनकारी हथकंडों को जायज मान लिया है जिसकी सजा मतदाता उन्हें समय समय पर देता रहता है। स्वयं को अजेय मानने वाले दलों को उनकी गलत नीतियों के लिये सड़क पर लाकर उनका स्थान दिखाने का कार्य मतदाता ने पहले भी किया है एवं भविष्य में भी करेगा इसमें कोई संशय नहीं है। परंतु वंचितों का एक बड़ा वर्ग जो समाज में आज अग्रिम पंक्ति में आ चुका है उसका भी सामाजिक दायित्व है कि आंबेडकर के उपरोक्त विचारों के अनुरूप समाज के निर्माण की दिशा में ईमानदार प्रयास करें एवं तथाकथित अगड़ों को गिराने के बजाय अपने ही पिछड़े बंधुओं को शिक्षित एवं सक्षम बनाने हेतु अपनी ऊर्जा एवं संसाधनों का सार्थक उपयोग करें।

किसी समाज के समर्थ एवं आत्म निर्भर होने का पैमाना मुख्य रूप से आर्थिक होता है। दलितों को आर्थिक रूप से सक्षम एवं आत्म निर्भर बनाने हेतु सरकार कटिबद्ध है एवं इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जा सकती है, परंतु सवर्णों को गिरा कर दलितों को उठाने के लिये लाए गए कानून, चक्र को उलटा घुमाने की कोशिश है जिसका परिणाम केवल सामाजिक वैमनस्य और विघटन है जिसकी अनुमति किसी भी सरकार को नहीं दी जा सकती। यह आंबेडकर जी का उद्देश्य कभी रहा भी नहीं।

समाज को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाने के अलावा अंबेडकर का दूसरा संदेश शिक्षा को लेकर है। शिक्षित होने पर समाज स्वतः आत्मनिर्भर हो जाएगा और आत्मनिर्भरता ही समर्थ होने की पहचान है। शिक्षा के प्रति उनके लगाव का प्रमाण है उनका पुस्तकों के प्रति अद्भुत प्रेम। मुम्बई स्थित उनके आलीशान आवास भवन राजगृह में उनका अपना निजी पुस्तकालय था जिसमें 50000 पुस्तकें थी यह संभवतः विश्व का उस समय का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय था। किसी भी राष्ट्र और समाज के बौद्धिक एवं सामाजिक उत्थान के लिये उत्तम श्रेणी की पुस्तकों को वे श्रेष्ठ साधन मानते थे। उनकी इस सोच का प्रमाण इस पत्र से मिलता है जो उन्होंने अमेरिका से बाम्बे क्रानीकल को लिखा था जब 1915 में सर फिरोज शाह मेहता का निधन हुआ उनके प्रशंसकों ने उनकी याद में सर मेहता की मूर्ति स्थापित करने का प्रस्ताव किया इस पर श्री अंबेडकर ने अपने पत्र द्वारा सुझाव दिया कि ऐसी मूर्ति स्थापित करने के स्थान पर श्री मेहता की स्मृति में पुस्तकालय बनाना उनका स्थायी एवं सर्वश्रेष्ठ स्मारक होगा। आज आंबेडकर जी के निधन के पश्चात उनकी मूर्तियां हम कई शहरों में स्थापित कर चुके हैं, इसके साथ साथ उनकी सोच के अनुरूप उनके स्मृति चिन्ह के रूप में पुस्तकालयों की भी स्थापना किया जाना उनके प्रति सार्थक आदरांजली होगी।

**14 अप्रैल डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती**

# ज्ञान से समृद्धि तक: बाबासाहेब का आधुनिक भारत



विशाला शर्मा (दैनिक अवन्तिका)

बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने इस देश की आधी आबादी यानी महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और समानता के अधिकारों को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारा. 'हिंदू कोड बिल' के माध्यम से उन्होंने महिलाओं के कानूनी और सामाजिक सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को न केवल मतदान का अधिकार मिले, बल्कि उन्हें समाज में पुरुषों के बराबर सम्मान और अवसर भी प्राप्त हों। आज भारत की हर शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला के पीछे बाबासाहेब के उसी संघर्ष और दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब दिखाई देता है।

उन्होंने 1937 के 'ऑल इंडिया वुमन कॉन्फ्रेंस' में स्पष्ट कहा था कि महिलाओं को मतदान का अधिकार होना चाहिए और विधायी निकायों में उनके लिए आरक्षण होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया है। यह डॉ. अंबेडकर द्वारा दशकों पहले देखे गए उस सपने का क्रियान्वयन है जिसमें महिलाएं 'नीति निर्माता' की भूमिका में हों।

डॉ. आंबेडकर ने राष्ट्र निर्माण और प्रशासनिक सुधार, कृषि और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण, नदी घाटी परियोजनाओं, बांध निर्माण और सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया। वे देश के आर्थिक विकास के लिए योजनाबद्ध दृष्टिकोण और संसाधनों के सही वितरण के पक्षधर थे। सामाजिक न्याय और समानता देश की करोड़ों जनता को अशिक्षा के अंधकार से प्रकाश की ओर लाकर समजिक न्याय के जरिए सम्मानपूर्वक जीवन जीने का रास्ता प्रशस्त किया।

जाति-विहीन समाज आंबेडकर का मुख्य लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जो जातिगत भेदभाव से मुक्त हो और जहाँ धर्मनिरपेक्षता का पालन किया जाए।उन्होंने कानून की नजर में प्रत्येक नागरिक के लिए समानता के अधिकार की वकालत की। नारी शिक्षा समानता एवं देश की इस आधी आबादी के उत्थान के लिए उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और उन्हें पुरुषों के समान अधिकार देने पर बल दिया।

अंधश्रद्धा, आडंबर और व्यक्ति पूजा के बजाय 'विज्ञानवाद' और तर्कसंगत वैचारिक आस्था को अपनाने का संदेश दिया।भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने एक 'प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य' की नींव रखी, जो एकता और मानवीय मूल्यों पर आधारित है।उन्होंने ईमानदार, कर्मठ और उचित जन-प्रतिनिधित्व के माध्यम से राजनीतिक सुधारों की कल्पना की।उनका कार्य केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक ऐसे जनवादी और सर्व साधन संपन्न राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे जहाँ शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय गरिमा सर्वोपरि हो।

कृष्ण केशव अंबेडकर के साथ-साथ आप गौतम बुद्ध एवं कबीर, रविदास और ज्योतिबा फुले को अपना गुरु मानते थे । ज्योतिबा फुले से प्रेरित होकर आपने अपने जीवन को अध्ययन और अनुशीलन के प्रति समर्पित कर दिया ।प्रज्ञा अर्थात ज्ञान की सीख ,करुणा सभी जीवित प्राणियों के प्रति सहानुभूति और प्रेम की भावना,समता जाति और लिंग के भेदभाव के बिना सभी को समान मानने का सिद्धांत डॉ आंबेडकर ने अपने जीवन में भगवान गौतम बुद्ध के विचारों से ग्रहण की।

आपका कथन था कि बौद्ध धर्म ही ये तीन सिद्धांत एक साथ दे सकते है।कबीर के दोहे और विचारों ने उनके बचपन से ही गहरा प्रभाव डाला क्योंकि उनका परिवार कबीरपंथी था।उनसे उन्होंनेआंतरिक शुद्धि और मानवता, बाहरी आडंबरों को त्यागकर सरल जीवन और मानवीय मूल्यों पर जोर देना सीखा। महात्मा ज्योतिबा फुले से शिक्षा का महत्व अर्थात शिक्षा ही बहुजन समाज की गुलामी की बेड़ियाँ काटने का एकमात्र औजार है। जाति प्रथा के विरुद्ध संघर्ष फुले ने आजीवन किया, जिसे डॉ अंबेडकर ने आगे बढ़ाया

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



ब्यावरा में मानव सेवा की मिसाल –

## अजमानी परिवार ने खुशियों के ओटले को भेंट किया डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स

**ब्यावरा।** शहर में संचालित समाजसेवी संस्था ह्लखुशियों के ओटलेह्व में रविवार को एक सराहनीय पहल देखने को मिली। अजमानी परिवार द्वारा संस्था को एक डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स भेंट किया गया, जो जरूरतमंद परिवारों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। संस्था संचालक डॉ सुरजीत सिंह के अनुसार यह फ्रीजर बॉक्स अंतिम संस्कार से पहले शव को अस्थायी रूप से सुरक्षित रखने के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे शरीर में किसी प्रकार की दुर्गंध न आए और परिजन सम्मानपूर्वक अंतिम दर्शन कर सकें। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और अजमानी परिवार के मुखिया संतोख सिंह अजमानी अपने पुत्र परमजीत सिंह के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने यह फ्रीजर ह्लखुशियों के ओटलेह्व संस्था को सौंपा। इस फ्रीजर बॉक्स को जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नगर पालिका की रहेगी। शव वाहन के माध्यम से इसे संबंधित घर तक भेजा जाएगा और उपयोग के बाद वापस लाया जाएगा। साथ ही, खुशियों के ओटलह्व के दो स्वयंसेवक भी मौके पर जाकर फ्रीजर को इंस्टॉल करने में सहयोग करेंगे।

## पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल में सम्पन्न हुआ वार्षिक उत्सव



**बीनागंज।** पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज में विकास खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज शुक्ला के मुख्य अतिथि में वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य गोपाल मैथिल ने की। इस मौके पर विद्यालय की पूर्व प्राचार्य श्रीमती कांता जैन, संध्या श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, ताराचंद साहू, सुधा सोनी, प्रभावती भार्गव ऋचा सेन, ऊषा साहू, सविता जैन, राकेश शर्मा, प्रताप शाक्य, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा जाटव, सदस्य ज्योति मीना, पूर्व प्राचार्य जय प्रकाश शर्मा जनशिक्षक बृजमोहन साहू, राजेंद्र सिंह मीना आदि मंच पर मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज शुक्ला ने ज्ञानदाहिनी मां सरस्वती के श्रीचरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। देवा श्री गणेशा, मधुवन में जो कन्हैया, आरम्भ हैं प्रचण्ड बोले मस्तको का झुण्ड जग, घुमाया थारे जैसा न कोई, संदेश आते है। हमे तड़पाते हैं, सवारियां सेठ म्हारी राधे जी सेठानी मिश्री सी मीठी वाता आदि भजन व गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोह लिया। विद्यालय के शिक्षक अभिषेक मीना ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव में लगभग एक दर्जन पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा शानदार भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिसको अतिथियों सहित दर्शकों ने सराहा। उक्त गरिमामई समारोह का संचालन कर्मचारी नेता कृष्ण गोपाल मीना एवं स्पोर्ट टीचर वंदना व्यास ने किया। इस अवसर पर अंजुम कुरैशी, हुकुमचंद साहू, रमेशचंद अहिरवार, रमा मीना, अनुराधा साहू कृष्णा शाक्य, वंदना वरौनिया, अभिषेक मीना, वंदना व्यास, पलक मीना, प्रेरणा जैन का के, सुनीता, निकिता सेन, पूर्ति मीना, कनक साहू रौशनी मेर, राधिका मेरे सहित कई पालक मौजूद रहे।

## जंगली सुअर बाईक से टकराया युवक की मौत, गांव में शोक की लहर

**महिदपुर।** ग्राम सेमल्या निवासी शांतिलाल सोलंकी की जंगली जानवर के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शांतिलाल सोलंकी 10 अप्रैल को अपने गांव से महिदपुर गेहूं पंजीयन कार्य हेतु मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्ते में पिलिया खाल के पास अचानक एक जंगली सुअर उनकी बाइक से टकरा गया, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वे बेहोश हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सिविल अस्पताल महिदपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर उज्जैन रेफर कर दिया गया।

1. Temabai C/o Gordhandas R/o 30, Mahakal Road, Gali No. 7, Ujjain (M.P.) 456006
That, Name of mine as a nominee has been wrongly written as Prem Bai in my Late Brother Roopnarayan's Fix Deposit Account No. 910145110003589 in Bank of India.
The actual name of mine is Temabai.

दैनिक अवन्तिका
अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है
बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

देवास में खुद को सीआरपीएफ डीआईजी बताने वाला युवक गिरफ्तार

# लाल बत्ती कार से घूम रहा था, फर्जी आईडी मिली; ठगी कनेक्शन की जांच में जुटी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास शहर में एक युवक को खुद को सीआरपीएफ का डीआईजी बताकर घूमने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है।

यह मामला बस स्टैंड क्षेत्र में सामने आया, जहां एक स्विफ्ट डिजायर कार पर लाल बत्ती लगी देखकर पुलिस को संदेह हुआ। कार में बैठे युवक ने खुद को सीआरपीएफ का डीआईजी बताते हुए अपना नाम सौरभ राणा, निवासी भोपाल बताया।

### जांच में पता चला डीआईजी नहीं है

पुलिस की सख्ती से पूछताछ करने पर युवक की सच्चाई सामने आ गई। जांच में पता चला कि वह डीआईजी नहीं है और उसके पास से बरामद पहचान पत्र भी फर्जी है। इसके बाद पुलिस आरोपी को कोतवाली थाने ले आई। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी ने डीआईजी बनकर कहीं ठगी या कोई अन्य आपराधिक गतिविधि तो नहीं की है। उसके साथ मौजूद मोहन नामक कार ड्राइवर को भी हिरासत में लिया गया है, जो भोपाल का रहने वाला है।

### पहले भी 3-4 बार देवास आ चुका

आरोपी के खिलाफ धारा 318, 319 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले भी 4-5 बार देवास आ चुका है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दिन वह नलखेड़ा माता के दर्शन करने के बाद देवास पहुंचा था। यहां उसने माता टेकरी पर भी दर्शन किए और फिर बस स्टैंड पर कुछ सामग्री खरीदने पहुंचा, जहां उसे पकड़ा गया।

कोतवाली थाना प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किय।

आरोपियों से कुल 6 लाख रु का माल जप्त किया

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चोरी एवं नकबजनी के अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्यावरा पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह का पर्दाफाश किया। रात को मकानों के ताले तोड़कर चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाने वालो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में ले लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा और चोर गिरोह का भंडाफोड़ दिया। आरोपी विष्णु पिता चंदूलाल मिलाला निवासी फेटी नलखेड़ा, विशाल पिता जगदीश सोनी जीरापुर, शाहरुख खान पिता समद खान नलखेड़ा अशोक पिता लालचंद गायरी नलखेड़ा को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 लाख रु का माल जप्त किया, जिसमें 23,500 रु नगद, चोरी गई ज्वेलरी एवं घटना में प्रयुक्त कार जिसकी कीमत लगभग 5 रु शामिल है। साथ ही चोरी करने के औजार भी जप्त किए गए। गिरफ्तार आरोपी अशोक गायरी एक आदतन एवं शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध चोरी के 23 मामले पहले से अलग अलग थानों में दर्ज हैं।



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कलेक्टर व डीईओ को

# गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदलने की मांग का ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग उठाई है। इस संबंध में संघ द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि कलेक्टर की अध्यक्षता में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए। साथ ही वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए छात्र एवं शिक्षक हित में विद्यालयों का संचालन प्रातःकालीन पारी में किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि तेज गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा सहित मोहन किचोलिया, बनवारी बैरागी, गौरव शर्मा, नरेन्द्र राजपूत, दिलीप जायसवाल, ब्रजमोहन भसनेरिया, राजेश पांडे, दिनेश कलमोदिया, सुनील वर्मा, ओमप्रकाश राजपूत, गोपाल कारपेंटर, बाबूलाल मालवीय, शिवनारायण पाटीदार, घनश्याम माहेश्वरी, रितेश यादव, संजय देशमुख, बीपी बारोड, जया माहेश्वरी, ममता परमार, ज्योति कुशवाह, भगवानसिंह मेवाड़ा, ओमप्रकाश मेवाड़ा, गजराज चन्द्रवंशी, राकेश पांचाल, विक्रमसिंह परमार, करणसिंह सोलंकी, अनिल कारपेंटर, धनपाल चंद्रवंशी, वैभव सक्सेना, आशीष जाट, वैभव तिवारी, नकुल मालवीय, नरेन्द्र जैन, राजेन्द्र सिंह राजपूत, पवन नेमा, हरिसिंह राजपूत, दिनेश राजपूत, हुकम धनगर, नरेन्द्र सोनी, बीरबल मीणा, सुभाष कलेसरिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने मांग की है कि आदेश शीघ्र जारी कर छात्रों व शिक्षकों को राहत प्रदान की जाए।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग संगठनों ने

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के बैनर तले रैली निकालकर शासन और प्रशासन को सौपा ज्ञापन

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



अध्यापक शिक्षक संवर्ग संगठनों ने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के बैनर तले सामूहिक रुप से नगर पालिका काम्प्लेक्स ब्यावरा मे धरना दिया पीपल चौराहे से एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर शासन और प्रशासन को ज्ञापन दिया ज्ञापन में अध्यापक संवर्ग से नवीन शैक्षणिक संवर्ग में 1 जुलाई 2018 से नियुक्त शिक्षकों को क्रमोन्नति-पदोन्नति समान ही ग्रेच्युटी, पेंशन की पात्रता की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करते हुए कोष एवं लेखा विभाग की पोर्टल पर प्रविष्ट नियुक्ति 1 जुलाई 2018 को विलोपित कर सेवा में भर्ती की वास्तविक प्रथम नियुक्ति दिनांक की प्रविष्टि की जाए फ्ळए अधिनियम के अंतर्गत कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए TET परीक्षा अनिवार्य होने के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए फैसले में मध्यप्रदेश सरकार शिक्षकों का पक्ष पुनर्विचार याचिका के माध्यम से रखे एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दिनांक 1 मार्च 2026 को जारी आदेश को भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करें। प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना करते हुए ग्रेच्युटी व पेंशन की पात्रता का आदेश प्रदान करने की कृपा करें। ळएळ परीक्षा आदेश से 5 लाख शिक्षकों के परिवारों पर रोजी-रोटी छिनने का संकट आने से जनहानि हो सकती है। फ्ळए अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को ळएळ परीक्षा से छूट प्रदान की जाए। इस अवसर पर दिलीप कसेरा गिरिराज गुप्ता ,अशोक सक्सेना, पुखराज सिंह, महेश शर्मा, गुजराती, ब्रजेश शर्मा, भरत गोयल धर्मेन्द्र दुबे रामचरण वर्मा गोपाल यादव कौशल शर्मा केपी शाक्य रजनी शर्मा द्रोपति शाक्यवार, ममता सक्सेना, ज्योति शर्मा विजय सिंह रुहेला, देवेंद्र दांगी, ब्रजमोहन शर्मा देवीलाल मालवीय , मीना सोनी, शरद पुष्पद,कैलाश टेलर, गोविंद चौहान, डीपी सोनी आदि सेकडो शिक्षक शामिल रहे।



श्री कालवा बालाजी मंदिर में भव्य आयोजन

# राम दरबार, नवग्रह व माँ दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

ग्राम श्यामपुरा स्थित श्री कालवा बालाजी मंदिर परिसर में 14 से 20 अप्रैल 2026 तक श्री राम दरबार, नवग्रह एवं माँ दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य प्राणप्रतिष्ठा महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना हुआ है और हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ 14 अप्रैल, मंगलवार को बैशाख कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि पर वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञ प्रारंभ कर किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन 108 कुंडीय यज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रभर से 300 से 400 श्रद्धालु जोड़े प्रतिदिन आहुति देंगे। यज्ञ को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर में विशाल डोम का निर्माण किया गया है, जहां सभी यज्ञ कुंडों की व्यवस्थित व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु एक साथ बैठकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले सकें।

महोत्सव का समापन 20 अप्रैल, सोमवार को बैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर पूर्णाहुति, प्राणप्रतिष्ठा एवं महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। इस दिन सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे तथा दोपहर 11 बजे से सायं 3 बजे तक महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस दिन हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

इस आयोजन का सबसे विशेष आकर्षण 20 अप्रैल को हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा रहेगा। श्रद्धालुओं पर आकाश से फूलों की वर्षा का यह दृश्य अत्यंत भव्य एवं मनमोहक होगा। इसके लिए प्रशासन से हेलीपैड निर्माण की अनुमति प्राप्त कर ली गई है तथा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा स्थल का निरीक्षण कर हेलीपैड निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

महोत्सव को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, प्रसादी वितरण, पार्किंग तथा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## महात्मा फुले की जयंती मनाई

**शाजापुर।** शहर के लालखिड़की मोहल्ला स्थित माली समाज मंदिर परिसर में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10.30 बजे महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मनोहर कटारिया, राजेन्द्र सिंह चोखुटिया, माली अशोक कुमार वर्मा, अमृत परमार, लोकेश गेहलोत, गोकुल पुष्पक, मुकेश हरियाल, राधेश्याम चौहान, मोहन हरियाल, कैलाश चन्द्र हरियाल, आशीष माली, सुन्दर लाल परमार और उत्तम बैरागी आदि ने संबोधित किया।

जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि, मेरे पक्षकार श्री महेन्द्रसिंह सोलंकी पिता बनेसिंह सोलंकी, व्यवसाय - कृषि एवं व्यापार, निवासी-ग्राम जलवा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन का कभी कोई सम्बन्ध विरेन्द्रसिंह पिता सोहनसिंह उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी-ग्राम जैथल थाना घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से नही रहा है, इस सम्बन्ध में मेरे पक्षकार के नाम से किसी भी तरह का कोई लेन-देन, ऋण, अनुबंध आदि यदि श्री विरेन्द्रसिहं के द्वारा परिचय देकर किया जाता है तो मेरा पक्षकार उस सम्बन्ध में किसी प्रकार का उत्तरदायी नही होगा, विरेन्द्रसिंह के किसी भी कार्य के लिए मेरा पक्षकार तथा उसके परिवार का कोई भी सदस्य जवाबदार नही रहेगा।
इति दिनांक : 12-04-02026
अमित कुमारगोयल, एडवोकेट
लॉ चेम्बर रावल मार्केट टावर
फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. नं. 9826019986

Name Change Notice
In my Class 10th marksheet and passport, my name is recorded as Vinay Kumar Saxena S/o Ashok Kumar Saxena, whereas in my other documents, my name is recorded as Vinay Saxena S/o Ashok Kumar Saxena. My correct name is Vinay Saxena S/o Ashok Kumar Saxena. Therefore, I request to be known and identified as Vinay Saxena S/o Ashok Kumar Saxena.
Vinay Saxena S/o Ashok Kumar Saxena
C-6/3 Vasant Vihar, Near Taramandal,
Ujjain (M.P.) Mob. 9425049310

जाहिर सूचना
मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 153 ई.डब्ल्यु.एस. स्थित मंगल रेसीडेंसी ग्राम लालपुर प.ह.न. 61 (देवास रोड़ की और से रेलवे पटरी के पार) तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 329, पश्चिम में- कॉलोनी का रोड़, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 152 ई.डब्ल्यु.एस. तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 154 ई.डब्ल्यु.एस. स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति दिलीप मालवीय पिता श्री जगदीश मालवीय एवं राधा मालवीय पति श्री दिलीप मालवीय ने इसके पूर्वस्वामी भगवानी इंफ्राटेक द्वारा पार्टनर हेमेन्द्र शर्मा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022017A1433235 दिनांक 27/07/2017 के माध्यम से क्रय कि। एवं राधा मालवीय का स्वर्गवास दिनांक 20/10/2021 को हो जाने के पश्चात उक्त सपंत्ति के स्वामी दिलीप मालवीय, पुजा सिसौदिया पति श्री नितेश सिसौदिया, अर्पित पिता श्री दिलीप एवं नैंसी सवालेखिया पति श्री विशाल सवालेखिया हुए। एवं दिलीप मालवीय आदि के द्वारा उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं मुनेश सिंह पिता श्री सदैव सिंह से किया है एवं मुनेश सिंह के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।
तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्री चन्द्रपालसिंह कुशवाह पुत्र स्व.श्री रतनसिंह जी आयु 67 वर्ष, निवासी वर्तमान-47, मित्रनगर, पुलिस कॉलोनी, नानाखेडा, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट क्र 7/1 स्थित खुदीराम बोस मार्ग, वार्ड नं. 32, तहसील व जिला उज्जैन के प्लाट के सम्बन्ध में उसकी चर्तुदिशा इस प्रकार है पूर्व में सुदर्शनसिंह कुशवाह पिता यशपालसिह का, पश्चिम में सरकारी सड़क, उत्तर में जैन साहब का मकान, दक्षिण में सरकारी सड़क है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी गई है एवमं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, शासकीय, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहीर सूचना प्रकाशन के सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक - 11.04.2026
तनवीर एहमद, एडवोकेट
लॉ-चेम्वर, रावल मार्केट टावर चौक, फ्रीगंज उज्जैन
मोबाईल नं. 9826060374

न्यायालय नायब तहसीलदार महिदपुर रोड तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र)
क्र. 1422/रीडर/2025 महिदपुर दिनांक 01/04/2026
विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अध्यक्ष उज्जैन जिला उज्जैन ग्राम भारती शिक्षा समिति, उज्जैन द्वारा तहसील महिदपुर के ग्राम झुटावद स्थित भुमि सर्वे कमांक 437/1 रकबा 3.55 हे. मेसे 0.31 पर नवीन सरस्वती शिशु मंदिर हेतु (विद्यालय भवन निर्माण) हेतु जिसकी उद्घोषणा कंडिका 142 के अंतर्गत की जाना है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो वह मेरे समक्ष 15 दिवस के पूर्व उपस्थित होकर अपनी आपत्ति समक्ष मे प्रस्तुत करे। नियत दिनांक पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
नायब तहसीलदार
तहसील महिदपुर

## पति के विवाद के बाद पत्नी का हंगामा

**शाजापुर।** शहर के ज्योति नगर इलाके में एक महिला द्वारा देर रात सड़क पर खड़ी कार में जमकर तोड़फोड़ करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें महिला बड़े पत्थर से कार के शीशे चकनाचूर करती हुई नजर आ रही है। यह वारदात एक दिन पहले हुए विवाद का नतीजा बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित कार मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1.57 बजे ज्योतिनगर स्थित राधे-राधे चौराहे की है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि महिला ने पहले कार के सामने वाले हिस्से को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। जब वह इसमें सफल नहीं हुई, तो उसने साइड के शीशे तोड़ने का प्रयास किया। अंततः महिला ने कार के पिछले शीशे पर एक भारी पत्थर मारकर उसे पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। ज्योति नगर निवासी कार मालिक नीरज कुमार मालवीय ने इस मामले में लालघाटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 12 अप्रैल की रात जब वे एक शादी समारोह से लौटकर अपनी कार पार्क कर रहे थे, तभी वहां एक नशे में धुत व्यक्ति ने उनकी कार को नुकसान पहुंचाया और उनके साथ जमकर गाली-गलौज की। नीरज कुमार के मुताबिक, देर रात उनकी कार में तोड़फोड़ करने वाली महिला उसी व्यक्ति की पत्नी है जिसने पहले विवाद किया था। फिलहाल, लालघाटी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वदेशी से स्वावलंबी भारत का संकल्प

## पतंजलि और भारत स्वाभिमान की जिला बैठक में योग विस्तार पर मंथन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



स्वदेशी अपनाकर स्वावलंबी भारत के निर्माण और योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से, जिला मुख्यालय स्थित नित्येश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, किसान सेवा समिति और सोशल मीडिया प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मासिक बैठक का शुभारंभ भगवान महादेव की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी व राज्य कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया लाल पड़ियार ने पिछले माह के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने बताया कि गुना में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थदेव महाराज का आगमन होने जा रहा है, जिसे लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां की जानी हैं। इसके अलावा, पिछले माह संपन्न हुए सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्रों के वितरण, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यों और आगामी माह शाजापुर में आयोजित होने वाले विशाल योग शिविर की रूपरेखा पर चर्चा की गई। पड़ियार ने सभी प्रभारियों को सघन प्रवास करने, नवीन कार्यकर्ता बनाने और आगामी सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बी.एल. गोयल ने योग कक्षाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। भारत स्वाभिमान शाजापुर के तहसील प्रभारी गोपाल कुंभकार ने बताया कि जिला स्तर पर नियमित रूप से चल रही योग कक्षा जल्द ही अपने 1000 दिन पूर्ण करने जा रही है। इस अवसर को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में एडवोकेट डॉ. रजनीश भमुरिया ने स्वदेशी से स्वावलंबी भारत विषय पर अपने विचार रखे। वहीं, पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक किशोर सिंह पटेल ने संगठन की मजबूती के लिए नित्य प्रवास को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर पतंजलि योग समिति शाजापुर के तहसील प्रभारी प्रमोद वैद्य, संरक्षक कैलाश नारायण जामालिया, कैलाश चन्द्र डोरे, जिला कोषाध्यक्ष सीताराम चौधरी, भारत स्वाभिमान अवंतिपुर बड़ोदिया के तहसील प्रभारी जगदीश जावरिया, किसान सेवा समिति शाजापुर के तहसील प्रभारी कमल सिंह पाटीदार, बलराम सिंह, योग आयोग के तहसील प्रभारी विजय शर्मा, तहसील प्रभारी महेश राठौर, अवध नारायण, सहित बड़ी संख्या में योग शिक्षक एवं साधक मौजूद रहे।

### जयंती पर कार्यक्रम आज

**शाजापुर।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में शाजापुर जिला मुख्यालय पर आज जिला मुख्यालय स्थित गांधी हॉल में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं PARKING-RTM -2, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. **PARKING-RTM-MDS-FW- 84-26-1 (Mandsaur FW), PARKING-RTM-DADN-FW-59-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar), PARKING-RTM-FTD-TW-44-23-1 (Fatehabad), PARKING-RTM-BCH-TW-40- 22-3 (Bercha), PARKING-RTM-NAD-MX-9-25-1 (Nagda Main Side), PARKING- RTM-DADN-MX-60-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar),** अनुबंध की अवधि 3 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **27.04.26** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **V/540**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी कोठीमहल जिला उज्जैन म.प्र.**

**प्र. क्र. 0029/37-20(5)/2025-26** — **दिनांक :-9/4/2026**

**प्रो.र.नं. :- 606**

**-:: जाहिर सूचना ::-**

कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा जिला उज्जैन के पत्र क्रमांक 111 दिनांक 6.4..2026 से ग्राम हामुखेड़ी की भूमि सर्वे क्र. 56/6 रकबा 1.2540 हे. मैंसे. 0.040 हे. नगर पालिका निगम उज्जैन को सिवरेज पंपिग स्टेशन निर्माण हेतु भूमि आबंटन हेतु मांग की गई।

प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 30 अप्रेल 2026 नियत हैं। अतः आवेदित भूमि आबंटित करने में आपत्ति हों, वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत दिनांक तक आपत्ति प्राप्त होने पर आपत्ति अविचारणीय होकर नगण्य होगी।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी**
**अनुभाग कोठी महल जिला उज्जैन**

SBI

भारतीय स्टेट बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
STATE BANK OF INDIA

भारतीय स्टेट बैंक
चिमनगंज मंडी शाखा (03648) उज्जैन (म. प्र.)
**जनहित सूचना (PUBLIC NOTICE)**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक के CSP (Customer Service Point) **आनंद बागड़िया कोड न. 32804641** (लिंक शाखा चिमनगंज मंडी उज्जैन) के माध्यम से किए गए लेन-देन में अनियमितताओं/ धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई | इस के आधार पर गहन जांच की जाना प्रस्तावित है | इस हेतु बैंक ने Crystallization Committee का गठन किया है जो संबंधित CSP संचालक/व्यक्ति द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की जांच की जावेगी, जिससे बैंक एवं ग्राहकों को आर्थिक हानि हुई है।

अतः जिन ग्राहकों/व्यक्तियों को उक्त CSP के माध्यम से किसी प्रकार की वित्तीय हानि हुई है, वे मंगल वार दिनांक 21/04/2026 और बुधवार दिनांक 22.04.2026 को अपने दावे/आपत्तियाँ आवश्यक प्रमाणों (जैसे पासबुक, रसीद, ट्रांजेक्शन डिटेल आदि) सहित बैंक की संबंधित शाखा/कार्यालय में उक्त दिनांक को प्रस्तुत करें। ताकि दावो और ग्राहकों को हुयी आर्थिक हानि का आकलन किया जा सके |

निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

यह सूचना जनहित में जारी की जा रही है।

SBI (03648)

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
(ब्रांच मैनेजर/अधिकृत अधिकारी)
भारतीय स्टेट बैंक
चिमनगंज मंडी शाखा उज्जैन (म. प्र.)
दिनांक:13.04.2026

bank.sbi
Tel No:
Fax No:
E-mail: sbi.03648@sbi.co.in

Chimanganj Mandi
Ujjain (03648)

## नारी सशक्तिकरण समाज के विकास की नींव

**शाजापुर।** महिलाएं आज सिर्फ घर की दहलीज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और समाज सेवा जैसे हर मोर्चे पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसीको लेकर आधी आबादी को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और मातृशक्ति के सम्मान में स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज) में सोमवार को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिससे पूरे सभागार में एक सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. प्रकाश बर्फा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों और नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार भर नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास की मुख्य आधारशिला है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद विज्ञान महाविद्यालय, देवास की सहायक प्राध्यापक डॉ. ममता शाक्य ने अपने ओजस्वी विचारों से श्रोताओं को प्रभावित किया। उन्होंने नारी शक्ति के विविध आयामों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है।

# हिंदू नववर्ष पर पेंशनर्स का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**शाजापुर।** हिंदू नववर्ष को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, तहसील शाखा शुजालपुर द्वारा रविवार शाम पेंशनरों के सम्मान और पुनर्मिलन हेतु स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रेमदास बैरागी, यादव सिंह परमार और ललित बिड़वाले के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रघुवीर सिंह पवार ने की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री इंदरसिंह परमार ने जन सेवा और विभाग की उन्नति में अपना स्वर्णिम जीवन समर्पित करने वाले सभी पेंशनर्स का आत्मीय सम्मान किया। उन्होंने सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही, उपस्थित वरिष्ठजनों को आश्वस्त किया कि पेंशनरों की जो भी लंबित मांगें हैं, उन्हें वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर अवगत कराएंगे।

**पुरानी यादें हुईं ताजा, अधिकारियों का हुआ सम्मान**- समारोह में सभी पेंशनर्स ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पेंशनरों द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे संयुक्त संचालक वित्त सह जिला पेंशन अधिकारी शाजापुर जी.एल. गुवाटिया का भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बबिता परमार, संजय शर्मा, जमना प्रसाद मामा मंचासीन रहे।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (डीजल) पश्चिम रेलवे, रतलाम-457001 द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त का विवरण निम्नानुसार है- **ई-निविदा क्रं.: M-DL-EL91-700234-R1 कार्य का नाम:** Annual Annual Maintenance Contract for Electric Loco Cab Air Conditioners at Locomotive Care Centre, Ratlam for the period of 01 Years. **कार्य की अनुमानित लागत: ₹48,50,944.66** (रु. अड़तालीस लाख पचास हजार नौ सौ चौवालीस एवं छियासठ पैसे) (सभी करों के साथ) **बयाना राशी: ₹ 97,000/-** (रु. सत्तानबे हजार मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क **कार्य की अवधि:** 36 माह **आफर की वैधता:** 60 दिन **ई-निविदा दस्तावेज़ जमा करने की तिथि एवं समय:** 02.05.2026 11:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि:** 02.05.2026 11:30 बजे। यह टेंडर वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिये साथ ही निविदाकार का IREPS पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य है। उक्त ई-टेण्डर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। **V/539**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनेगी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**गुना।** 14 अप्रैल को आज डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जिलेभर में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम, रैलियां, संगोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के इस खास मौके पर जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष सुबह से ही सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और आमजन सहित अंबेडकर प्रेमियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए नमन किया जाएगा। कई जगह प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी, जिनमें समाजसेवियों, युवाओं और बच्चों के अलावा महिलाओं की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रमों में बाबा साहेब के विचारों समानता, शिक्षा और अधिकार पर प्रकाश डाला जाएगा। वहीं दूसरी ओर अंबेडकर जयंती समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित सभा में वक्ता उनके जीवन संघर्ष और भारतीय समाज में उनके योगदान को याद करते हुए लोगों को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश देंगे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शुजालपुर।** क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। आष्टा शुजालपुर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार फरियादी गुलाब धाकड़ निवासी ग्राम जामनेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने पिता लक्ष्मीनारायण धाकड़ के साथ बाइक से शुजालपुर से जामनेर जा रहे थे, उसके आगे-आगे अंकल विजयनारायण धाकड़ बाइक से चल रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक कार एमपी 42 जेडएफ 8192 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आकर विजयनारायण की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजयनारायण सड़क पर गिर गए और उनके हाथ, पैर व गर्दन में गंभीर चोटें आईं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोली प्रदेश उपाध्यक्ष

**गुना।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हमारे स्वतंत्र भारत के इतिहास में वो स्वर्णिम अध्याय साबित होगा जो हमारी माता बहनों को याचक से नायक की भूमिका में स्थापित करेगा।

यह बात भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे कही। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2026 को देश के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में लिया गया निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा नारी शक्ति बंधन अधिनियम। इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में स्थान दिया जाएगा। यह कदम महिलाओं को 'मतदाता' से आगे बढ़ाकर 'निर्णायक' की भूमिका में स्थापित करेगा और देश के विकास में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाएगा।

## जाहिर सुचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शिवनारायण पिता बालू जी एंव कैलाश पिता बालू जी द्वारा अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 121/2 रकबा क्रमशः 1.20 हैक्टर में से 0.20 हैक्टर एंव सर्वे नम्बर 121/3 रकबा क्रमशः 1.20 हैक्टर में से 0.20 हैक्टर कुल किता 02 कुल विक्रीत रकबा 0.40 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम ढाबलाधुता पटवारी हल्का नम्बर 000106 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा कर बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो-

अब तक। दिनांक 13-04-2026

**शुभम वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन**
**मो. 9752798030**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अंश विश्वकर्मा पिता श्री विनोद विश्वकर्मा, आयु 13 वर्ष अवयस्क, निवासी-138, मंगल रेसीडेंसी, लालपुर, उज्जैन (म.प्र.) हालमुकाम-6, गणेश नगर, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) अवयस्क द्वारा संरक्षक नाना श्री देवनारायण विश्वकर्मा पिता श्री रामकिशन विश्वकर्मा, निवासी मकान नंबर 6, गणेश नगर, नागझिरी, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) की माता श्रीमती प्रिया विश्वकर्मा पति श्री विनोद विश्वकर्मा, निवासी मकान नंबर 138, मंगल रेसीडेंसी, लालपुर, उज्जैन (म.प्र.) का स्वर्गवास दिनांक 08/04/2022 को चुका है। मेरा पक्षकार मृतक श्रीमती प्रिया विश्वकर्मा का एकमात्र वैध उत्तराधिकारी है। स्वर्गीय श्रीमती प्रिया विश्वकर्मा एवं विनोद विश्वकर्मा पिता श्री भागीरथ जी विश्वकर्मा के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान स्थित 138, मंगल रेसीडेसी, लालपुर, उज्जैन (म.प्र.) में है जो पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है। उक्त मकान मेरे पक्षकार की माता स्वर्गीय श्रीमती प्रिया विश्वकर्मा द्वारा अपनी निजी कमाई से एवं मेरे पक्षकार के नाना श्री देवनारायण विश्वकर्मा के द्वारा की गई आर्थिक सहायता से बनाया गया है। उक्त मकान जिस भूखण्ड पर बना है, उक्त भूखण्ड क्रमांक 138, ई.डब्ल्यू. एस., मंगल रेसीडेंसी, लालपुर, पटवारी हल्का नंबर 61 उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर बतरफ दक्षिण दोनों ओर 10 मीटर चौंडाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनों ओर 3.60 मीटर जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व दिशा में मकान क्रमांक 338, पश्चिम दिशा में सड़क कॉलोनी की, उत्तर दिशा में मकान क्रमांक 137 ई डब्ल्यू.एस. तथा दक्षिण दिशा में मकान नंबर 139 ई डब्ल्यू एस. को विधिवत् क्रय उप पंजीयक महोदय, उज्जैन के समक्ष निष्पादित ई-पंजीयन दस्तावेज कमाक एमपी 432022020 ए 1024260 दिनांक 10/01/2020 को क्रय किया गया था तथा उस पर मेरे पक्षकार की माता ने मकान निर्माण करवाया था। मेरे पक्षकार की माता की मृत्यु के पश्चात् मेरे पक्षकार के पिता विनोद विश्वकर्मा के द्वारा अन्य महिला से विवाह कर लिया है तथा उनके बहकावें में रहते हैं तथा मेरो पक्षकार अपने नाना के संरक्षण में अपने नाना के घर पर निवास कर रहा है और कक्षा 8वीं में अध्ययनरत् है। मेरे पक्षकार का लालन पालन उसके नाना देवनारायण द्वारा ही किया जा रहा है। मेरा पक्षकार उपरोक्त उल्लेखित भवन का एकमात्र वैध उत्तराधिकारी है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि मेरे पक्षकार की बिना सहमति के श्री विनोद विश्वकर्मा उपरोक्त उल्लेखित भवन को फर्जी अवैध रूप से विक्रय करने के प्रयास में है। जबकि उक्त सम्पत्ति मेरे पक्षकार के उत्तराधिकार की है, जिस पर मेरे पक्षकार का स्वत्व व हित निहित है, इसलिये कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार नहीं करें, यदि किसी प्रकार का संव्यवहार किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में क्रय-विक्रय, अतरण, रहन, बय, दान किया जाता है तो, ऐसे संव्यवहार के लिये उपरोक्त व्यक्ति्त स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। सूचित हो।

इति दिनांक 13-04-26

**इन्साफ एहमद कुरैशी एडवोकेट**
**कार्या. 156 नागझिरी चौराहा, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.). निवास 189, ए-3, आदर्श नगर, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 9827314970, 7869902209**

**कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन**

**क्रमांक 2680/भू-अर्जन /2026** — **उज्जैन, दिनांक : 2/4/2026**

**राजस्व प्रकरण कमांक 0031/अ-82/2025-26**

**// प्रारम्भिक अधिसूचना //**

**(अंतर्गत धारा 11 भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क. 30 सन् 2013)**

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतित होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में सिंहस्थ महापर्व 2028 हेतु हरसिद्धिपाल से रामघाट मार्ग तक मार्ग चौडीकरण कार्य हेतु बम्बई धर्मशाला की निजी भूमि के लिए भू-अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित वर्णित भूमि जिसका सर्वे क्रमांक वार का विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है।

निम्नवर्णित अनुसूची (2) के खाने में (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है।

अतः भू-अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 में धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति- इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के द्वारा कार्यवाहियो के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेंगा, या संव्यवहार नही कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन हितग्राहियो के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नही करेगा।

राज्य शासन इसके अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य सिंहस्थ महापर्व 2028 हेतु हरसिद्धिपाल से रामघाट मार्ग तक मार्ग चौडीकरण कार्य हेतु बम्बई धर्मशाला की निजी भूमि की है, जो मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवासीय विभाग भोपाल में स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण किया गया, जिसका मूल्यांकन भू-अर्जन अधिनियम की धार 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक आर्थिक विकास को बढावा मिलेगा जो कि लोकहित में है। साथ ही समूह द्वारा परियोजना में किसी भी परिवार का विस्थापित नही होना प्रतिवेदित किया गया है जिससे अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति, आवश्यक नहीं है।

**अनुसूची (1)**

| विवरण | अर्जित की जाने वाली निजी भूमि का कुल क्षेत्रफल हेक्टर में |
|---|---|
| सिंहस्थ महापर्व 2028 हेतु हरसिद्धिपाल से रामघाट मार्ग तक मार्ग चौडीकरण कार्य हेतु बम्बई धर्मशाला की निजी भूमि के कार्य हेतु। | 0.2375 हेक्टर |

**-: अनुसूची (2) :-**

**भूमि का विवरण :-**

**तहसील - उज्जैन** — **ग्राम - उज्जैन नगर कस्बा उज्जैन**

**भू-अर्जन अधिकारी - उज्जैन नगर, जिला-उज्जैन** — **निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल - 0.2375 हे.**

| क्र. | सर्वेक्षण संख्या | अर्जित निजी भूमि का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3438 | 0.2375 | अधीक्षण यंत्री नगर पालिक निगम उज्जैन | हरसिद्धिपाल से रामघाट मार्ग तक मार्ग चौडीकरण कार्य हेतु बम्बई धर्मशाला की निजी भूमि अधिग्रहण। |
| कुल रकबा | | 0.2375 | | |

अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना की तारीख से 60 (साठ) दिनो के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय जिला भू-अर्जन कलेक्टर जिला उज्जैन के समक्ष में आक्षेपो यदि कोई हो फाईल किया जा सकेगा। भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय जिला भू-अर्जन कलेक्टर जिला उज्जैन के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**म०प्र० शासन के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश का भाग्य बदलेगा- बबीता परमार

### भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली रैली, हस्ताक्षर अभियान शुरू किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून साबित होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का यह स्वर्णिम अध्याय है, जो महिलाओं को केवल वोट बैंक न समझकर उन्हें नीति-निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित करेगा।

श्रीमती परमार ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक महिला आरक्षण को राजनीतिक स्वार्थ के कारण लटकाया गया, लेकिन मोदी सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार देकर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा कानून में संशोधन कर आगामी जनगणना और परिसीमन की प्रतीक्षा की शर्त को हटाया जा रहा है ताकि वर्ष 2029 में संसद में 33 प्रतिशत सीटों पर नारी शक्ति की गूँज सुनाई दे।

उन्होंने बताया गया कि बीते 12 वर्षों में भारत महिला-नेतृत्व आधारित विकास मॉडल की ओर बढ़ा है, जिसके तहत 12 करोड़ इज्जत घर, उज्जवला योजना के 10.33 करोड़ कनेक्शन और मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है। आज देश की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर अंतरिक्ष मिशनों तक में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।




रैली निकाली, हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ- भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नगर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में रैली निकाली गई। इस दौरान भारत माता चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ कर महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को स्थानीय भाजपा कार्यालय पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुना गया।

रैली व पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुनिता गुजरिया, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना और भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन आदि उपस्थित रहे।

### आज होगा अंबेडकर जयंती कार्यक्रम

**मन्दसौर।** भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आज 14 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालना है। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को संविधान के मूल आदर्शों जैसे समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया जाएगा। विभिन्न वक्ताओं द्वारा उनके जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए जाएंगे ताकि उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

### सम्राट दीक्षित भाजपा में शामिल

**नीमच।** जिले के रामपुरा क्षेत्र के बड़े कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लियाद्य यह इस की राजनीति में बडा बुलेट पर माना जा रहा है जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सम्राट दीक्षित ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष और पार्षद प्रतिनिधि रहे दीक्षित ने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर यह कदम उठाया। भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी सुभाष पटेल, जिलाध्यक्ष बंदना खंडेलवाल व विधायक माधव मारू की मौजूदगी में श्री दीक्षित ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, इस कदम से जान के भाजपा संगठन को मजबूती मिलने की संभावना है। यह रामपुर क्षेत्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम है जिसका असर जिले की राजनीति पर भी पड़ेगा।

### जिले में नलकूप खनन पर 31 तक प्रतिबंध

**मन्दसौर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अदिती गर्ग द्वारा म.प्र. पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (संशोधित अधिनियम 2002) की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के संपूर्ण क्षेत्र में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर 13 अप्रैल से 31 जुलाई 2026 तक पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत मंदसौर जिले में कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत अनुमति (अनुज्ञा) के नलकूप खनन नहीं कर सकेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को दो हजार रु. तक का जुमार्ना, दो वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दंड से दंडित किया जा सकेगा। हालांकि, शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन कार्य इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। ऐसे कार्यों के लिए पृथक अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### हाईवे बाईपास पर हुई दुर्घटना में मां व बेटे की मौत

**नीमच।** शहर के समीप गुजर रहे फोरलेन हाईवे के बायपास पर रविवार हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार माँ व बेटे की दुखद मौत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में बेटे की जहां दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं उपचार के दौरान माँ ने भी दम तोड़ दिया। परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा जब गांव अड़मालिया में मां-बेटे की एक साथ अर्थियां उठीं। इस हृदयविदारक दृश्य ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना
निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: SnT_RTM_26_06_SIGNAL दिनांक: 10.04.2026 कार्य का नाम:** 10000 से अधिक एटीवीयू वाले एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | (3 नग)। **कार्य की अनुमानित लागत: ₹1,82,29,884.14 बयाना राशि: 3,64,600.00 निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 05/05/2026 समय 15.00 बजे तक | **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 05/005/2026 समय 15.30 बजे के बाद । **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम मध्य प्रदेश. निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। V/538
हमें लाईक करें:: facebook.com/WesternRly

## रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु व्यवहारिक सुझाव दिए

## भाजपा महिला नेत्री सीमा टांक ने डीआरएम को लिखा पत्र, यात्रियों के लिए उठाई मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती भीड़ और जल्दबाजी के कारण कई बार यात्रियों के साथ गंभीर दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

हालांकि रेलवे प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाती है, फिर भी कुछ छोटे-छोटे सुधारों से इन होने वाले हादसों को और अधिक प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

यह बात भाजपा की पूर्व पार्षद, महिला नेत्री और टांक महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सीमा टांक आश्विन कुमार को लिखें पत्र कही उन्होंने पत्र में बताया की हाल ही में हुई एक दर्दनाक घटना के दौरान देखा गया कि चलती ट्रेन में चढ़ते समय एक यात्री असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे आ गया ओर उसकी जान चली गई, इस प्रकार की घटनाएं अक्सर केवल पूर्व चेतावनी के अभाव में घटित होती हैं।

### सीमा टांक ने यह सुझाव दिए

- ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम 1 मिनट पूर्व प्रत्येक डिब्बे/प्लेटफॉर्म पर तेज अलार्म या प्रेशर हॉर्न बजाने की व्यवस्था की जाए।
- प्लेटफॉर्म पर स्पष्ट एवं बार-बार ऑटोमैटिक घोषणाएं कर यात्रियों को सचेत किया जाए।
- चलती ट्रेन में चढने-उतरने पर सख्त प्रतिबंध एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- प्लेटफॉर्म पर पीली सुरक्षा रेखा के पीछे खड़े रहने के नियम का कड़ाई से पालन कराया जाए।
- भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए।
- मेरा विश्वास है कि इन सरल एवं व्यवहारिक उपायों से अनेक अमूल्य जीवनों की रक्षा की जा सकती है। सीमा टांक ने पत्र में लिखा की मुझे आशा है कि आप इस विषय की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कदम उठाएंगे।

## मुस्लिम महिलाओं ने 'जय भीम' की तख्तियां हाथ में लेकर किया चक्का जाम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

शहर के सराय स्थित लोहा मंडी क्षेत्र में आज उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब एक नई शराब दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय रहवासी और व्यापारी सड़कों पर उतर आए। रहवासियों ने दुकान के विरोध में भारी प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया और जमकर नारेबाजी की।

यह क्षेत्र मुख्य रूप से रहवासी होने के साथ-साथ एक व्यस्त व्यवसायिक मार्ग भी है। मुख्य सड़क पर शराब दुकान खुलने से नाराज आसपास के दुकानदारों ने भी अपना समर्थन दिया और अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध जताया। रहवासियों का कहना है कि रिहायशी इलाके और मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान होने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा और महिलाओं व बच्चों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इस दौरान नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि रहवासियो की मांग के चलते इस क्षेत्र में किसी भी हाल में शराब दुकान नहीं खुलने जाएगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। विशेष रूप से मुस्लिम महिलाएं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर के साथ दुकान के बाहर बैठ गईं। महिलाओं ने दुकान के बाहर डेरा डाल दिया और साफ कर दिया कि वे किसी भी स्थिति में यहाँ शराब दुकान नहीं खुलने देंगी।

प्रदर्शनकारी रहवासी और दुकानदार सड़क पर ही बैठ गए, जिससे यातायात बाधित हुआ। प्रदर्शन के दौरान "शराब दुकान बंद करो" और "आबकारी विभाग मुदार्बाद" के नारे लगाए गए। लोगों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### दवा दुकानों पर साइंस ग्रेजुएट को अनुमति का फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने किया कड़ा विरोध

**मंदसौर।** ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड द्वारा ड्रग्स एक्ट 1945 के नियम 64 में बदलाव के प्रस्ताव के खिलाफ मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मिथुन गुप्ता के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के नाम एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर देवकुंवर सोलंकी को सौंपा गया। विरोध का मुख्य कारण बोर्ड की 93वीं बैठक का वह निर्णय है, जिसमें अब दवा दुकानों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट के स्थान पर दो साल के अनुभव और 6 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स वाले साइंस ग्रेजुएट को भी दवाएं बेचने की पात्रता देने की बात कही गई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह निर्णय मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है क्योंकि फार्मासिस्ट जीवन रक्षक दवाओं के जटिल प्रभाव और डोजिंग को समझते हैं। वप्ता ने बताया प्रदेश में 60 हजार और देशभर में 35 लाख पंजीकृत फार्मासिस्ट पहले से ही बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं, ऐसे में यह प्रस्ताव उनके रोजगार पर भी प्रहार है। संगठन ने केंद्र सरकार से इस सिफारिश को तुरंत अस्वीकार करने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान संगठन के जिला सचिव दीपक राठौर, उपाध्यक्ष कपिल गौर और कोषाध्यक्ष रंजीत बसवा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पन्ना में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में प्रदेशव्यापी ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

पन्ना जिले के थाना मंडला में 80 वर्षीय सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक भारत सिंह चौहान और उनकी पत्नी के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में पुलिस पेंशनर संघ ने प्रदेशव्यापी मोर्चा खोल दिया है।

संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में मंदसौर सहित प्रदेशभर में डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। श्री परिहार ने बताया कि घटना 7 अप्रैल की है जब वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों पर सेवानिवृत्त दंपत्ति के साथ दुर्व्यवहार करने और बाद में उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने का आरोप है।




संघ का कहना है कि वीडियो फुटेज में राइफल तानने जैसी कोई घटना नहीं दिख रही है, फिर भी पुलिस प्रशासन ने एक तरफा कार्रवाई की। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि दर्ज प्राथमिकी में तत्काल खात्मा रिपोर्ट लगाई जाए और संबंधित थाना प्रभारी व दोषी कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

पेंशनर संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश स्तर पर कड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्रजेश दुबे, शिवशंकरसिंह तोमर, शंभूसिंह चुंडावत, राधेश्याम परमार, भारत सिंह सिसोदिया, लाइक खान, अमीन खान, नरेंद्र व्यास, पुष्पा राठौड़, चंद्रकला रायसिंह यादव, गुमान सिंह हाडा, चैनसिंह सोनगरा, दशरथ सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

### महिला सम्मेलन का हुआ लाइव प्रसारण

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज नारी शक्ति वंदन पखवाडा अंतर्गत महिला सम्मेलन को संबोधित किया गया। कार्यक्रम का जिला मुख्यालय रतलाम स्थित गुलाब चक्कर एवं एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में लाईव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नगर निगम की महिला पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।

### शहर के वार्ड 6 में कम्युनिटी हॉल डोम निर्माण का भूमिपूजन आज

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल मंगलवार को सायंकाल 4 बजे वार्ड क्रमांक 6 स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन (कम्युनिटी हॉल) के यहां विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों से सीएम मॉनीट योजना अंतर्गत 37.5 लाख की लागत से होने वाले डोम निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेल वाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव के मुख्य आतिथ्य एवं न.पा. अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में होगा।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी नही होने से

## ओने पोने दामो में गेंहू मंडी में बेचने को मजबूर हो रहे किसान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मल्हारगढ़

मध्यप्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियां खामियाजा किसान भुगत रहे है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार ने पहले तारीख पे तारीख दी कांग्रेस के लगातार आंदोलनों के बाद मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव ने 9 अप्रैल से खरीदी का एलान किया।

सोमवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती दोपहर 1.30 बजे कृषिउपज मंडी पहुंचे जहां बड़ी संख्या में गेहू बेचने आये किसानों से चर्चा की।किसान पारस चौहान बरखेड़ादेव, जगदीश पडियार सीमखेड़ा,बगदीराम पडियार सीमखेड़ा, विजेन्द्रसिंह मनासा खुर्द, उदयसिंह बोराना कचनारा, गोविंदसिंह सिसौदिया छोटीगुड़भेली, भागीरथ भाटी काचरिया देव,मुन्नाभाई



हरसोल आदि ने बताया कि स्लाट बुक नही होने के कारण हम मंडी में गेंहू बेचने आये है और यहां हमे गेंहू का वाजिब दाम नही मिलने से हम काफी निराश है गेंहू हमारा 3000 रुपये क्विंटल ही बिकना चाहिए जबकि गेंहू 2100,2202 रुपये ही बिक रहा है।किसानों ने बताया कि गेंहू काटाई एवं निकालाइ पर काफी खर्चा हुवा है खेती किसानी लगातार घाटे का सौदा साबित होरही है।घर मे शादी,ब्याह,बच्चो के स्कूल की फीस,परिवार के लिए राशन पानी बीमारी के इलाज,समय पर लेनदेन के लिए मजबूरी में हम ओने पोने दामो में ही मंडी में गेंहू बेच रहे है।

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस जे अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हमेशा से किसान विरोधी रही है।गेंहू की समर्थन मूल्य की खरीदी को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी,विधायक विपिन जैन,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे परशुराम जी सिसोदिया लगातार गेंहू के भाव तीन हजार रुपये क्विंटल की मांग को लेकर सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ रहे है।

शर्मा ने कहा यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि किसान का बेटा जीतू पटवारी कृषि मेले में शांतिपूर्ण ठंग से केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के सामने किसानों की व अपनी बात रखने जारहे थे तो मोहन यादव की पुलिस ने उन्हें बल पूर्वक रोक लिया।जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दूंगा।

## न्यूज कालम



### जनरल स्टोर्स एवं सफल मोबाइल की दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया

**पिपलिया मंडी।**शनिवार की रात नगर में मनासा रोड स्थित लाला पोरवाल के जनरल स्टोर्स एवं सफल मोबाइल की दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया।सोमवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा,ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल मूलासिया,पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या आदि ने पीड़ित दुकानदारों से चर्चा की।सफल मोबाइल के संचालक धनोतिया ने बताया कि चोर शटर के दोनों ताले तोड़कर चार्जर व एसेसरीज व नगदी लगभग 10 हजार रुपये का नुकसान कर गए,वही लाला पोरवाल ने बताया कि ताले तोड़कर चोर बेग ओर चिल्लर ले उड़े।शर्मा ने थाना प्रभारी इवने से चर्चाकर चोरियों का शीघ्र पता लगाने की मांग की है। पुलिसबल बढाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता मिलेंगे एसपी से कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने बताया कि पिपलिया नगर की आबादी 22 हजार है पुलिसबल काफी कम होने से आये दिन चोरियों से दहशत का माहौल व्याप्त है।शर्मा ने कहा कि नगर सुरक्षा समितियों को भी सक्रीय किया जाना चाहिए।

### गेहूं खरीदी में गुणवत्ता और पारदर्शिता बरतने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान गेहूं उपार्जन और जल संवर्धन अभियान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी के दौरान गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन्होंने स्थानीय सर्वेयरों को अन्य केंद्रों पर तैनात करने (इंटरचेंज) के निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारियों को गोदामों और केंद्रों का सतत भ्रमण कर बारदान की उपलब्धता, स्लॉट बुकिंग और गोदाम क्षमता की निगरानी करने को कहा गया। साथ ही कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने और नगरीय निकायों को पेयजल स्त्रोतों की सफाई के निर्देश दिए। जल संवर्धन जन भागीदारी अभियान के तहत सभी विभागों को समन्वय के साथ तय कार्ययोजना पर काम करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सल्फास की गोलियां खाकर युवक ने की आत्महत्या

**नीमच।** शहर के इंदिरा नगर के समीप रहने वाले एक युवक ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया द्य जहां के निवासी एक युवक ने सल्फास की कई गोलियों निगल ली द्य इस आत्मघाती कदम के बाद जब युवक की तबीयत बिगड़ी तो उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गयाद्य लेकिन दो घंटे तक चले उपचार के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, जय जिनेंद्र रिसोर्ट के समीप रहने वाले राजेंद्रसिंह राजपूत पिता शंभूसिंह 34 वर्ष ने रविवार सुबह अपने घर पर ही सल्फास की गोलिया खा लीं । बताया जा रहा है कि कर उन्होंने एक साथ कइ गोलियां खा ली थीं । परिजन तत्काल उन्हें जिलाअस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों की टीम ने उन्नी बचाने लिए हरसंभव प्रयास हालांकि, शरीर में जन तेजी फैलने के कारण उनकी लगातार नाजुक बनी रही आखिरकार उपचार के उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले के निधन पर कृति ने दी श्रद्धांजलि



**नीमच।** रविवार 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शहर की साहित्य सांस्कृतिक सामाजिक संस्था कृति द्वारा आशा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गईद्य ईश्वर से उन्हें सद्गति और पुनः इस भारत वर्ष में स्वर का जादू बिखेरने के लिए पुनः अवतरित होने की प्रार्थना की द्य कृति संस्था के अध्यक्ष डॉ अक्षय पुरोहित, सचिव कमलेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गोड, किशोर जवेरिया, भरत जाजू, डॉ जीवन कौशिक, रघुनंदन पाराशर, सत्येंद्र सक्सेना, प्रकाश भट्ट, घनश्याम अम्ब,गणेश खंडेलवाल आदि संस्था सदस्य उपस्थित है द्य सभी उपस्थित लोगो ने उनके गीत संगीत में दिए गए योगदान को याद करते हुए मोन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दलौदा पब्लिक स्कूल ने जीता रजत पदक

**मन्दसौर।** इंदौर में आयोजित सब जूनियर बेसबॉल टूर्नामेंट में दलौदा पब्लिक स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिचय दिया, जिसकी बदौलत उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। विद्यालय की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक सोनाली जैन, शिक्षकों और अभिभावकों ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



शिक्षकों की मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा का ज्ञापन

## पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी निरस्तीकरण को लेकर 18 को भोपाल में आंदोलन की चेतावनी

**शुजालपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा विकासखंड शुजालपुर ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कैबिनेट मंत्री इन्दरसिंह परमार को सौंपा गया। मोर्चा के आव्हान पर 8 अप्रैल को जिला स्तर पर कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने के बाद 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर भी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षक संवर्ग से जुड़ी प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा को निरस्त कर राज्य सरकार शिक्षकों के हित में रिव्यू पिटीशन दायर करे। साथ ही शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाए तथा नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। इस दौरान शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 18 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन एवं रैली में प्रदेशभर से हजारों शिक्षक, अध्यापक एवं मातृशक्तियां शामिल होंगी। इसके तहत राजधानी की सड़कों पर व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा ने सरकार से शिक्षकों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश स्तरीय आंदोलन 18 अप्रैल को भोपाल में



**महिदपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, भोपाल के प्रांतीय आह्वान पर विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार राजेश चैहान को सौंपा गया। अमनदीप सिंह दुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने और इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में दि. 3 मार्च 2026 को जारी आदेश को निरस्त करने की मांग म. प्र. शासन से की गई। साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि लगभग 28 वर्षों की सेवा देने के बाद भी नियुक्ति दिनांक 1 जुलाई 2018 कर दी गई है, जिससे पदोन्नति,पेंशन,ग्रेजयुटी आदि में शिक्षकों को बहुत नुकसान होगा, अतः वास्तविक प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता मान्य की जाए। इस अवसर पर महिदपुर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के विभिन्न संगठनों के ब्लाक संयोजक सुश्री सुषमा खेमसरा, शोभाराम राठौर, विजय पंड्या, सत्यनारायण शर्मा, भगवान सिंह चौधरी और महिदपुर विकास खंड के सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन प्रदीप सिंह परिहार ने किया एवं आभार संतोष गुलाटी द्वारा व्यक्त किया गया।

## परशुराम जयंती की तैयारियां जोरो पर, घर घर जाकर दिए जा रहे है आमंत्रण पत्र



**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले परम आराध्यदेव भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज सारंगपुर के कार्यकर्ता तैयारियां जोर-शोर से कर रहे है। भगवान परशुराम के जयकारे लगाते युवाओं की टीम सारंगपुर नगर के विभिन्ना वार्डों में निवासरत ब्राह्मण परिवार के घरों का भ्रमण कर लोगों को आमंत्रण देकर शोभायात्रा एवं आयोजन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान सभी जगह समाजजनों द्वारा भारी समर्थन के साथ आत्मीय स्वागत कर शोभायात्रा में शामिल होने का पूर्ण भरोसा दिया जा रहा है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समाज द्वारा भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां भी जोरशोर के साथ चल रही है। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं आशुतोष वैद्य ने बताया कि अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवम बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए समाज के सक्रिय कार्यकताओं की टीम घर-घर जाकर समाजजनों को आमंत्रण पत्र भेंट कर रही है। 19 अप्रैल को भगवान परशुराम भगवान का महाअभिषेक सुबह 8 बजे बजे, पूजन एवम आरती श्रीराम मंदिर पण्डितवाड़ी पर होगी। इसके पश्चात श्रीराम मंदिर पंडितवादिय से शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा आकर्षक एवं भक्तिमय होगी। इसके साथ ही भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी शोभायात्रा में शामिल रहेगी। शोभायात्रा में ढोल पार्ट भगवान परशुरामजी का आकर्षक रथ, बैंड शामिल होंगे। शोभायात्रा का मार्ग श्रीराम मंदिर पण्डितवाड़ी से प्रारंभ होकर शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के पश्चात भगवान परशुरामजी जी की महाआरती शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर पर होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी सहभोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में पुरूष वर्ग के लिए धोती कुर्ता/कुर्ता पजामा एवं महिलाओं के लिए पीली साड़ी ड्रेसकोड रखा गया है। इस गरिमामय आयोजन के लिए समाज अध्यक्ष पं आशुतोष वैद्य, नवयुवक मंडल अध्यक्ष पं. शुभम शर्मा एवम महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा पालीवाल ने सभी समाजजनों से उदार मन एवं मुक्त हस्त से सहयोग कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### बोतल में बंद सारे नियम: किठौर रोड पर एमआरपी से अधिक वसूल रहे राशि

# शराब दुकानों में न रेट लिस्ट न चेतावनी, प्रचार से पटी दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

शराब दुकान ठेकेदारों की मनमानी पूरी तरह विभाग पर हावी है। नियमों को दरकिनार करने वाले ठेकेदारों ने शराब दुकानों पर ना तो रेट लिस्ट लगाई है और ना ही चेतावनी के बोर्ड लगा रखे हैं। जबकि यह दोनों ही अनिवार्य हैं। इस और आबकारी विभाग के सर्कल ऑफीसर को सख्ती दिखानी चाहिए, अधिकारी की अनदेखी के चलते। ऐसे में बिना बिल, मनमाने रेट पर शराब बेच रहे, ठेकेदारों के अपने नियम शहर के रानी रूपमती तलाब किठौर जोड पर चल रहे हैं।

उल्लेखनीय है की शराब ठेकों पर नियमों की अनदेखी करते हुए एमआरपी से अधिक राशि वसूली जा रही है। शराब के ठेकों पर ठेकेदार आबकारी नियमों की धडल्ले से धज्जियां उडा रहे है। वहीं शराब बोतल की वास्तविक कीमत से प्रति बोतल 30 से 40 रुपए ग्राहकों से अतिरिक्त वसूल किया जा रहा है।




#### नही लगाई रेट लिस्ट वसूल रहे मनमाने दाम

इस सब के बावजूद आबकारी महकमा इससे बेखबर है। जहां तक आबकारी विभाग के नियम कहता है कि प्रत्येक ठेके के बाहर बेची जाने वाली शराब की रेट लिस्ट लगानी होती है। सारंगपुर में संचालित शराब के अधिकांश ठेके के बाहर किसी भी प्रकार की रेट लिस्ट नही लगी हुई है। बता दे की ठेको पर बेचे जाने वाली शराब का कोई बिल नही दिया जाता है। और शराब के शौकीन 30 और 40 रुपए के लिए कभी कभार विरोध करते है, परंतु वहा सेल्स मैन द्वारा उन्हें दुत्कार दिया जाता है। ऐसे में ओवर रेट देकर ही शराब खरीदना मजबूरी बन गया है। गौरतलब है कि ग्राहकों से वसूली जाने वाली अतिरिक्त राशि ठेकेदार के जेब में जाती है।

#### गुमराह कर रहे शराब ठेकेदार

शराब ठेकों पर उस्तादों की प्रिंट रेट से ज्यादा रुपए वसूल किए जा रहे हैं। ठेकेदार देशी शराब से लेकर बीयर व अंग्रेजी शराब के ब्रांड पर 30 से 40 रुपए तक ज्यादा चार्ज कर रहे हैं। जब उपभोक्ता इसे लेकर सवाल खड; करते है। तो जवाब मिलता हैं, चाहिए तो लो, वर्ना वापस रख दो। ज्यादातर ठेकों पर उत्पादों के रेट चार्ट नहीं रखे जा रहे।

#### रहवासियों में आक्रोश

अप्रैल में हुए नए टेंडर में शराब ठेकेदार द्वारा उक्त दुकान का स्थानांतरण कर रानी रूपमती मकबरे के सामने अकोदिया व किठौर रोड पर संचालित की जा रही है। शराबियों द्वारा रोजाना यहां शराब पीने और आए दिन होने वाले विवादों के कारण यहां निवासरत लोगों और दुकानदारों में काफी आक्रोश है। रहवासियों ने जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा से शराब दुकान बंद करने की मांग की है।

#### अमले की व्यस्तता का उठा रहे फायदा

इस वर्ष हुए शराब टेंडर में एक तरफ जहां सारंगपुर शहर की चारों दुकानें टेंडर पर है, वही दूसरी तरफ तहसील के पचोर दुकानों का टेंडर अभी तक नही हुआ है। जानकारी मिली है की पचोर क्षेत्र की दुकानें आबकारी अमला संचालित कर रहा है। विभाग की इसी व्यस्तता के कारण तहसील मुख्यालय के शराब ठेकेदार फायदा उठा कर प्रिंट रेट से अधिक दाम लेकर अवेध वसूली कर रहे है।

#### करूंगा कार्रवाई

रानी रूपमती किठौर जोड शराब दुकान पर ग्राहकों से ओवररेट लेने की शिकायत मिली है, में जल्द ही जांच कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करूंगा।
**सौरभ कनासे, सर्कल स्पेक्टर, आबकारी विभाग, सारंगपुर।**

#### यह है नियम

आबकारी विभाग के नियमों की बात करें तो दुकान में शराब उत्पादों की रेट लिस्ट ऐसे प्रदर्शित करना होती है कि ग्राहक को सामने ही नजर आए। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान में मदिरापान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इस चेतावनी वाले बोर्ड लगाना भी अनिवार्य है। इस साइन बोर्ड के आसपास मदिरा विज्ञापन संबंधी कोई दूसरा पोस्टर या प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं की जा सकती। अधिकांश दुकानों में रेट लिस्ट के बोर्ड नही बने हैं। इस नियम का पालन इसलिए नहीं किया जा रहा ताकि मनमाने रेट पर शराब की बिक्री की जा सके।

#### हर दुकान पर प्रचार सामग्री

शराब की हर दुकान पर प्रचार प्रसार के लिए बडे ग्लासाइन बोर्ड लगाए गए हैं। जबकि यह नियमों के विपरीत है। आबकारी विभाग के अधिकारी इस और इसलिए भी नहीं देखते कि उन्हें शिकायत का इंतजार रहता है। कोई शिकायत नहीं करे तो वह स्वयं संज्ञान नहीं लेंगे। कई शराब की दुकानें तो ऐसी हैं, जहां चेतावनी से जयादा विज्ञापन के बोर्ड लोगों को आकर्षित करने के लिए लगाए गए हैं।

### देवास में उपमुख्यमंत्री, अंबेडकर जयंती पर दिया समानता का संदेश

## वंदे मातरम विवाद और ब्लैकमेलिंग-भ्रूण हत्या मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रविवार को देवास पहुंचे। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि बाबा साहब का जन्म मध्यप्रदेश की धरती पर हुआ। उन्होंने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए समाज में समानता और न्याय के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री ने इंदौर नगर निगम के सदन में वंदे मातरम गायन को लेकर हुए विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने इस घटना को गलत और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

देवास में सामने आए ब्लैकमेलिंग और कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े वायरल वीडियो मामले पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून अपना काम करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने न्याय का आश्वासन देते हुए कहा कि गुनहगारों को बख्शा नहीं जाएगा।

## श्री गोप चौहान जी मंदिर में 27 को होगा गोपाल विष्णु महायज्ञ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

आस्था और भक्ति के अनूठे संगम का साक्षी बनने के लिए ग्राम साप्टी एक बार फिर तैयार है। शाजापुर से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र, प्राचीन श्री गोप चौहान जी मंदिर में एक भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है। यहां आगामी 27 अप्रैल से सात दिवसीय गोपाल विष्णु महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां अब अपने अंतिम और निर्णायक चरण में पहुंच चुकी हैं।

#### यज्ञशाला का कार्य पूर्णता की ओर

शनिवार को यज्ञशाला के निर्माण और साज-सज्जा का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया। मंदिर समिति के सदस्य और स्थानीय श्रद्धालु दिन-रात इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक वंदनवारों से सजाया जा रहा है, ताकि आयोजन में आने वाले भक्तों को एक दिव्य अनुभूति हो सके। मंदिर समिति के पुजारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि पवित्र गोपाल विष्णु महायज्ञ 27 अप्रैल से प्रारंभ होकर 3 मई तक चलेगा। महायज्ञ की आहुतियों के साथ-साथ प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें कथावाचक के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा श्रवण करेंगे। इस वृहद धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल है। समिति के अनुसार, इस सात दिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पेयजल, बैठक व्यवस्था और पार्किंग सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को रूप दिया जा रहा है।

## दीक्षार्थी का भव्य आयोजन 15 अप्रैल को होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

नगर में 9 अप्रेल को सांसारिक सुखो का त्यागकर तथा अपनी धन सम्पति को धार्मिक तथा सामाजिक कार्यो हैतू समर्पित कर सजोड़े जैन भगवति दीक्षा अंगीकार करने वाले पूज्य निर्वेदमुनिजी म.सा. तथा साध्वी संवेगश्रीजी म.सा. की बड़ी दीक्षा का भव्यआयोजन आचार्य पूज्य उमेश मुनि जी म.सा के शिष्य तथा प्रवर्तक पूज्य जिनेंद्रमुनिजी म.सा. के आज्ञानुवर्ति तत्वज्ञ धर्मेन्द्रमुनिजी तथा सन्तमण्डल तथा संयम रूचिका संयमप्रभा जी म.सा. तथा साध्वी मंडल की शुभानिश्रा में दिनांक 15 अप्रेल 2026को स्थानिय महावीर भवन में सम्पन्न होने जा रहा है ।

श्रीस्थानकवासी जैन श्रावकसंघ सचिव महेन्द्र चण्डालिया ने बताया कि इस पावन अवसर पर सकल जैन समाज के साथ ही देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगें।

### बदनावर में 1100 मिट्टी के सकोरे बांटे अपील में कहा

# पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए घरों की छतों पर रखें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर

रविवार को शहर और आसपास के गांवों में 1100 मिट्टी के सकोरे मुफ्त में बांटे गए। भीषण गर्मी को देखते हुए ज्ञानदीप मंडल ने पक्षियों को प्यास से बचाने के लिए ये पहल की।

मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना ने बताया कि इस अभियान का मकसद चिलचिलाती गर्मी में पक्षियों को पानी की कमी से मरने से बचाना है। तापमान बढ़ने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने के कारण परिंदों के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। यह अभियान लोगों को बेजुबान पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए चलाया जा रहा है।

#### घरों की छतों और बालकनी में रखें पानी




मंडल के सचिव प्रदीप पांडेय और अन्य सदस्यों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों की छतों, बालकनी, आंगन और बगीचों में ये मिट्टी के पात्र रखें। इससे चिड़िया, कबूतर और मैना जैसे पक्षियों को राहत मिलेगी। यह अभियान पिछले 15 सालों से लगातार चलाया जा रहा है।

#### शहर से लेकर गांव तक वितरण

रविवार सुबह 8 बजे आंबेडकर चौराहे से सकोरे बांटने की शुरूआत हुई। इसके बाद निचलावास, दुर्गा चौक, बस स्टैंड, सरस्वती कॉलोनी और पिटगारा गांव सहित कई इलाकों में लोगों को ये पात्र दिए गए। इस दौरान सदस्यों ने लोगों को समझाया कि वे रोज इन पात्रों को साफ करें, उनमें स्वच्छ पानी भरें और पक्षियों के लिए दाना भी डालें। कार्यक्रम के संयोजक चेतन रांका ने बताया कि इस साल सकोरों के लिए दान राशि तेजकुवंर बाई संघवी की याद में उनके परिवार द्वारा दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अगले रविवार को शहर के खास ठिकानों पर पशुओं के लिए सीमेंट की बड़ी पानी की टंकियां भी रखी जाएंगी। इस नेक काम में मंडल के कई सदस्य पूरे उत्साह के साथ जुटे रहे।



## राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने शासकीय स्विमिंग पूल का किया लोकार्पण

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने रविवार को जिले के प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्विमिंग पूल का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल के संचालन से युवाओं को तैराकी जैसी महत्वपूर्ण खेल गतिविधि का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी प्रतिभा निखरेगी और वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। स्विमिंग पूल की सुविधा शुरू होने से आमजन, विशेषकर युवाओं को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध होगा।

#### मरीज डायलिसिस से वंचित नहीं रहेगा - टेटवाल

## स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार 4 हाई-टेक मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण



**ब्यावरा-राजगढ़ ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने जिला मुख्यालय स्थित नवीन जिला चिकित्सालय में चार अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का निरीक्षण किया। इस महत्वपूर्ण पहल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिली है तथा अब गंभीर सर्जरी के लिए मरीजों को इंदौर एवं भोपाल जैसे बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ह्रजिले का कोई भी मरीज डायलिसिस जैसी आवश्यक सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवनिर्मित मॉड्यूलर ओटी अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं, जिनमें आधुनिक एयर फिल्ट्रेशन सिस्टम एवं एंटी-बैक्टीरियल कोटिंग की सुविधा उपलब्ध है। इससे ऑपरेशन के दौरान संक्रमण की संभावना नगण्य हो जाती है और मरीजों को सुरक्षित उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ओटी के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मशीनों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई तथा चिकित्सकीय स्टाफ से संवाद किया गया।

## 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा इसी क्रम में थाना बोडा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया प्राप्त जानकारी के अनुसार सीजेएम न्यायालय राजगढ़ के प्रकरणआबकारी एक्ट में जारी स्थाई वारंटी अजब सिंह उर्फ जाबर पिता लक्ष्मीनारायण सासी, निवासी ग्राम कडियासासी, पिछले 13 वर्षों से फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई प्रयास किए गए, किंतु उसकी शातिर प्रवृत्ति के कारण वह लगातार पुलिस गिरफ्त से बचता रहा। थाना प्रभारी बोडा ने विशेष टीम का गठित की आरोपी ग्राम कडियासी में छिपा हुआ था, पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में पेश किया।

## सारंगपुर में शिक्षकों की टीईटी परीक्षा रद्द करने की मांग, ज्ञापन सौंपा



**सारंगपुर।** सारंगपुर में शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सैकडों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम कार्यालय और मंत्री कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन सुबह 11 बजे जनपद परिसर से शुरू हुआ। शिक्षक जय स्तंभ चौराहे से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार गोपालसिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी मंत्री के सेवा सदन कार्यालय पहुंचे। विधायक और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए भी टीईटी परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। उनका मानना है कि 20-30 साल से पढा रहे शिक्षकों के लिए यह नियम उनके अनुभव का अपमान है।



# बच्चों की ग्रोथ में कैसे मददगार है विटामिन बी?

जन्म के बाद से बच्चे, ग्रोथ के अलग-अलग फेज से गुजरते हैं। बच्चों को इस दौरान शारीरिक ग्रोथ से लेकर मानसिक ग्रोथ तक के लिए सही पोषण की जरूरत होती है। सही पोषण का मतलब है शरीर को हर प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्व मिले। 1 से 3 साल के बच्चों में तेजी से मेंटल ग्रोथ हो रहा होता है और खासकर उनकी कॉग्निटिव लर्निंग बड़ी तेजी से चल रही होती है। बच्चों में संज्ञानात्मक विकास हो रहा होता है और इन तमाम चीजों में विटामिन बी की एक अहम भूमिका है। दरअसल, विटामिन बी बच्चों के लिए कई प्रकार से काम करता है और बॉडी फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

## संज्ञानात्मक विकास में मददगार

संज्ञानात्मक कार्य का मतलब है ब्रेन का वह काम जो ज्ञान प्राप्ति, सूचना को समझने की शक्ति और तर्क में शामिल मानसिक प्रक्रियाओं से जुड़ा हुआ हो। विटामिन बी संज्ञानात्मक विकास में मददगार है। यह मस्तिष्क के विकास, तंत्रिका माइलिनेशन और संज्ञानात्मक कार्य के लिए जरूरी है। इससे बच्चे का ब्रेन शुरूआत से ही तेज और क्रिएटिव होता है। इसके अलावा बच्चे तेजी से भाषा सीख पाते हैं और इसके लिए काम कर पाते हैं। इससे बच्चों की स्मृति, सीखना, ध्यान, निर्णय लेने और भाषा क्षमताओं के क्षेत्र शामिल हैं जो कि ब्रेन फंक्शन के काम काज को बेहतर बनाने में मददगार है।

## मूड को बेहतर बनाने में मददगार

विटामिन बी, मूड को बेहतर बनाने में मददगार है। यह समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, जो कि प्रारंभिक वर्षों के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब बच्चे सीख रहे होते हैं और अपने पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। दरअसल, छोटे बच्चे बड़े हो रहे होते हैं उनके व्यवहार में लगातार बदलाव आ रहा होता है। ऐसे में जिन बच्चों में विटामिन बी की कमी होती है वे थोड़े चिड़चिड़े और गुस्सैल हो सकते हैं। ऐसे में विटामिन बी को लेना मूड बूस्टर की तरह काम करता है और बच्चों को खुश रखने में मदद करता है। इससे बच्चा खुशहाल रहता है और कम रोता है।

## मेटाबॉलिज्म तेज करने और मोटापे से बचाने में मददगार

मेटाबॉलिज्म तेज करने और मोटापे से बचाने में विटामिन बी की एक अहम भूमिका है। विटामिन बी कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट के चयापचय में सहायता करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि बच्चों को एक्टिव रहने में एनर्जी मिलती है। इसके अलावा यह विटामिन बच्चों में मोटापे की समस्या को भी रोकने में मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए कि जब बच्चा पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी लेता है तो खाना पचाने और फूड्स को तोड़ने में मदद मिलती है। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है। शरीर के टॉक्सिन तेजी से बाहर निकल जाते हैं और फिर पाचन क्रिया सही रहता है जिससे बच्चे में मोटापे की समस्या कम होती है।

## एडीएचडी से बचाव में मददगार

विटामिन बी की कमी से थकान, चिड़चिड़ापन और विकास संबंधी देरी सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जो बढ़ते बच्चों की भलाई के लिए इन आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित करता है। विटामिन बी न्यूरोट्रांसमीटर संतुलन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। यह सेरोटोनिन, डोपामाइन और नोरेपेनेफ्रिन के उत्पादन में मदद करता है जिससे बच्चों में मूड संबंधी विकार जैसे एडीएचडी से बचाव होता है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, हर साल लाखों की संख्या में महिलाओं की मौत ब्रेस्ट कैंसर के कारण ही होती है। लेकिन इसके बावजूद महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता कम देखी जाती है।

# क्या ब्रेस्ट में बनने वाली हर गांठ कैंसर ही होती है?



ब्रेस्ट कैंसर एक घातक बीमारी है। ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसर में से एक है। इसमें ब्रेस्ट के अंदर की सेल्स असामान्य तरीके से बढ़ने लगती हैं और गांठ बना देती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, हर साल लाखों की संख्या में महिलाओं की मौत ब्रेस्ट कैंसर के कारण ही होती है। लेकिन इसके बावजूद महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता कम देखी जाती है। हमारा आज का विषय है क्या ब्रेस्ट में बनने वाली हर गांठ कैंसर का ही संकेत होती है? आइए जानते हैं...

## क्या ब्रेस्ट में बनने वाली हर गांठ कैंसर ही होती है?

ब्रेस्ट कैंसर की शुरूआत का पहला लक्षण ब्रेस्ट में बनने वाली गांठ है। इसलिए ज्यादातर महिलाओं को लगता है कि ब्रेस्ट में बनने वाली छोटी से छोटी गांठ भी ब्रेस्ट कैंसर का ही एक कारण है। लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। ब्रेस्ट में बनने वाली हर गांठ कैंसर नहीं होती है। कई बार सिस्ट और अन्य मेडिकल कारणों से भी महिलाओं के स्तनों में गांठ बनती है।

## कैसे पहचानें ब्रेस्ट में बनने वाली गांठ कैंसर है या नहीं?

ब्रेस्ट की गांठ अक्सर स्तन ऊतक में या उसके आस-पास या अंडरआर्म क्षेत्र में एक ठोस या मोटे धब्बे की तरह महसूस होती है। ब्रेस्ट कैंसर की गांठ आस-पास के स्तन ऊतक की तुलना में अधिक ठोस होगी।

इसमें ब्रेस्ट की गांठ आकार, आकार और स्पर्श में भिन्न हो सकती हैं। कुछ मटर के आकार की हो सकती हैं, जबकि अन्य गोल्फ की गेंद से भी बड़ी हो सकती हैं। ब्रेस्ट की गांठ गोल, चिकनी और हिलने-डुलने वाली लग सकती हैं, या कठोर, दांतेदार और स्थिर हो सकती हैं। कुछ ब्रेस्ट गांठों से दर्द या परेशानी हो सकती है, लेकिन कई गांठों से नहीं। दर्दनाक ब्रेस्ट की गांठ जरूरी नहीं कि ब्रेस्ट कैंसर का संकेत हो। इसके लिए आपको मेडिकल स्क्रीन करवाने की जरूरत पड़ सकती है।

ब्रेस्ट में बनने वाली हर गांठ कैंसर नहीं है, लेकिन महिलाओं को ब्रेस्ट में गांठ महसूस होती है, उन्हें तुरंत अपना मेडिकल टेस्ट करवाना चाहिए, ताकि गांठ के असल कारण का पता लगाया जा सके।

# रीढ़ की हड्डी में नस दबने के लक्षण न करें नजरअंदाज

रीढ़ की हड्डी में नस दबना एक आम समस्या है। रीढ़ की हड्डी में नस तब दबती है, जब उस हिस्से के आसपास के ऊतकों द्वारा नसों (तंत्रिका) पर ज्यादा दबाव पड़ता है। ये ऊतक, हड्डी या उपास्थि हो सकता है। जब ऊतकों का नसों पर ज्यादा दबाव पड़ता है, तो इस स्थिति को संपीड़न के रूप में जाना जाता है। इस दबाव की वजह से पीड़ित व्यक्ति को झुनझुनी, मांसपेशियों में कमजोरी और सुन्नता जैसे लक्षणों का अनुभव हो सकता है। रीढ़ की हड्डी में नस दबी है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए डॉक्टर MRI करवाने की सलाह दे सकते हैं। कुछ मामलों में दबी हुई नस को निकालने के लिए एक्सरसाइज या दवाइयों का सहारा लिया जाता है। वहीं, गंभीर मामलों में नस को निकालने के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है।

## रीढ़ की हड्डी में दर्द

अगर आपको अक्सर रीढ़ की हड्डी के आसपास, कमर या पीठ में दर्द होता है, तो इस लक्षण को बिलकुल अनदेखा न करें। यह रीढ़ की हड्डी में नस दबने का संकेत हो सकता है। यह स्थिति बेहद पीड़ादायक हो सकती है। कुछ मामलों में इसकी वजह से व्यक्ति को चलने-फिरने में भी दिक्कत महसूस हो सकती है। रीढ़ की हड्डी या स्पाइन में नस दबने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपको अक्सर ही पैरों में सुन्नता, झुनझुनी, ऐंठन जैसे लक्षण महसूस हो तो डॉक्टर से जरूर कंसल्ट करें।

## पैरों में ऐंठन और दर्द

रीढ़ की हड्डी में नस दबने पर पैरों में ऐंठन की समस्या हो सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द, रीढ़ की हड्डी में नस दबने का एक आम लक्षण होता है। अगर आपको अक्सर ही पैरों में ऐंठन और दर्द की समस्या रहती है, तो इस लक्षण को बिलकुल नजरअंदाज न करें। जब रीढ़ की हड्डी में नस दबती है, तो पैरों में दर्द होना बेहद आम है। यह दर्द धीरे-धीरे बढ़ता जाता है। खांसने या छींकने पर दर्द बढ़ सकता है।

## पैरों में झुनझुनी

रीढ़ की हड्डी में नस दबने की वजह से आपको पैरों में भी झुनझुनी महसूस हो सकती है। जब रीढ़ की हड्डी में नस दबती है तो इससे पैरों में सुई जैसी चुभन भी महसूस हो सकती है। झुनझुनी पैरों के तलवों या हथेलियों पर हो सकती है। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में पूरे शरीर में ही झुनझुनी या चुभन का अनुभव हो सकती है। यह स्थिति गंभीर हो सकती है, इसलिए इस लक्षण को बिलकुल नजरअंदाज न करें।

## हाथ और पैरों में सुन्नपन

स्पाइन या रीढ़ की हड्डी में नस दबने से हाथ और पैरों में सुन्नपन हो सकता है। हाथ और पैरों में सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी में नस दबने का एक आम लक्षण हो सकता है। दरअसल, नस दबने से रक्त प्रवाह सही तरीके से नहीं हो पाता है। इसकी वजह से सुन्नपन का एहसास हो सकता है। इस स्थिति में ऐसा महसूस होता है, मानो हाथ और पैर सो गए हो। अगर आपको पैरों में सुन्नता का अनुभव होता है, तो इस लक्षण को बिलकुल नजरअंदाज न करें।




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में चार विकेट पर 240 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

# लगातार तीसरे मैच में हारी मुंबई, आरसीबी ने वानखेड़े में दर्ज की शानदार जीत; तालिका में हुआ बदलाव

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने फिल सॉल्ट, रजत पाटीदार और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 240 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। उनके लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने 71 रनों की नाबाद पारी खेली।



## आरसीबी की धमाकेदार शुरूआत

इससे पहले, फिल सॉल्ट और विराट कोहली की ओपनिंग जोड़ी ने आरसीबी को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.5 ओवर में 120 रन जोड़ दिए। सॉल्ट ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें छह चौके और छह छक्के शामिल थे, जबकि कोहली ने संयमित अंदाज में 38 गेंदों पर 50 रन बनाकर पारी को मजबूती दी।

## तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी

इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में तीसरे पायदान पर पहुंच गई। उनके खाते में चार मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक और + 1.148 का नेट रन रेट है। वहीं, मुंबई इंडियंस चार मैचों में तीन मुकाबले हारकर -0.772 नेट रन रेट के साछ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। शीर्ष पर राजस्थान रॉयल्स का दबदबा है। वहीं, दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स है।

## रदरफोर्ड की तूफानी पारी गई बेकार

आरसीबी से मिले 241 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी रही। रयान रिकेल्टन और रोहित शर्मा की जोड़ी अच्छी लय में दिखाई दी। हालांकि, हैमस्ट्रिंग में खिंचाव होने के कारण रोहित 19 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और दोबारा बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। रिकेल्टन ने 22 गेंदों में 3 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे, और वह 22 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक ही बना पाए।

हार्दिक पांड्या कुछ दमदार शॉट्स खेले और वह 22 गेंदों में 40 रन बनाकर जैकब डफी का शिकार बने। हार्दिक ने अपनी इस पारी में 6 चौके और एक छक्का लगाया। नमन धीर एक रन ही बना सके। शेरफेन रदरफोर्ड ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 31 गेंदों में 71 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

# महिला टी20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा, जीतने वाली टीम होगी मालामाल

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की है। टूनार्मेंट की शुरूआत में अब कुल दो महीने यानी 60 दिन का समय शेष है। इससे पहले खेल की वैश्विक संस्था ने आगामी टूनार्मेंट के लिए इनामी राशि का एलान किया है। इस बार कुल इनामी राशि 8,764,615 डॉलर (82 करोड़ रुपये) रखी गई है, जो 2024 के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत ज्यादा है। 2024 में यह राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) थी। खास बात यह है कि इस बार टूर्नामेंट में पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि पहले 10 टीमें खेलती थीं।

## इनाम का वितरण

विजेता टीम को मिलेगाः 2,340,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये)

उपविजेता (रनर-अप) कोः 1,170,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये)

दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों कोः 675,000 डॉलर प्रत्येक (लगभग 6.29 करोड़ रुपये)

ग्रुप स्टेज में हर जीत परः 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये)

सभी 12 टीमों को न्यूनतमः 247,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये)

## क्या बोले आईसीसी के सीईओ?

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि महिला क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस तरह की बढ़ती इनामी राशि इस खेल को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि टूनार्मेंट का विस्तार और बढ़ता निवेश महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है।

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्कता हैं
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः 9893374872

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कंपनी के कर्मचारियों ने पार्सल में की हेराफेरी, शिकायत पर एफआईआर

**इंदौर।** चंदन नगर थाना पुलिस ने एक कंपनी की शिकायत पर उसके ही दो कर्मचारियों के खिलाफ माल में हेराफेरी (गबन) का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों कर्मचारी लंबे समय से कंपनी को नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, नीरज जायसवाल, एनटेक्स ट्रांसपोर्टेशन कंपनी में लायजनिंग सीनियर एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी अमेजॉन के लिए अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर का काम करती है। कंपनी में सुपरवाइजर रहे दीपक मोहरे (निवासी पालदा) और डिलीवरी बॉय प्रवीण सिंह (निवासी जालोर, राजस्थान) सितंबर 2024 से जनवरी 2026 तक कार्यरत थे। आरोप है कि ग्राहक द्वारा पार्सल न लेने पर जो सामान वापस भेजा जाता था, उसमें दोनों कर्मचारियों ने हेराफेरी की। जब कंपनी ने पार्सल चेक किए तो उनमें मूल (ओरिजिनल) सामान नहीं मिला। इस तरह करीब 10 लाख 90 हजार रुपए का माल कंपनी को वापस नहीं मिला। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डिलीवरी के दौरान सामान बदल देते थे और बाद में उसे ग्राहक द्वारा लौटाया गया बताकर कंपनी को धोखा देते थे। कंपनी द्वारा नोटिस देने के बाद दोनों से पूछताछ की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### 12 वर्षीय छात्रा से दोस्ती के बाद रेप, धमका कर जेवर और नकदी भी लेकर रख लिए

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने रविवार को 12 साल की एक छात्रा से दोस्ती के बाद उसके साथ रेप के मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी के घर पर रात में पुलिस ने दबिश दी और उसे हिरासत में ले लिया। लड़के के पिता सेल्स टैक्स विभाग में कार्यरत हैं। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, इलाके में रहने वाली छात्रा अपने पिता और मां के साथ रविवार रात थाने पहुंची। उसने बताया कि सेल्स टैक्स कॉलोनी निवासी आरव ने उसके साथ रेप किया। वहीं, उसे धमकाकर नकदी और जेवर भी अपने पास रख लिए। छात्रा ने बताया कि कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर दोनों की बातचीत हुई। इसके बाद आरव उससे मिलने आया और उसके साथ गलत काम किया। 9 अप्रैल को भी उसने छात्रा को दोबारा संबंध बनाने के लिए राजी किया। आरव ने छात्रा से कहा कि उसे किसी को रुपए देना है। इसके चलते उसने छात्रा के घर से जेवर और नकदी लेकर अपने पास रख लिए। छात्रा के परिजनों को जब घर पर जेवर और नकदी नहीं मिले, तो उन्होंने उससे पूछताछ की, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। हालांकि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर छात्रा को साथ लेकर आरोपी के घर पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है।

### स्ट्राइगर पब विवाद में करणी सेना की एंट्री वीडियो के आधार पर एफआईआर पर सवाल

**इंदौर।** शहर के चर्चित स्ट्राइगर पब विवाद में अब करणी सेना की एंट्री हो गई है। मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी यश जैन ने मारपीट के आरोपों को खारिज करते हुए इसे प्रॉपर्टी विवाद से जोड़ दिया। लसूड़िया थाना पुलिस ने देवेन्द्र पटेल की शिकायत पर यश जैन और उनके साथी किशोर सिंह सिकरवार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। शिकायत में बताया गया था कि पब में एंट्री को लेकर विवाद हुआ और अगले दिन आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर हमला किया। वहीं, यश जैन की ओर से पेश वकील ने दावा किया है कि यह पूरा मामला एंट्री विवाद नहीं, बल्कि प्रॉपर्टी विवाद है। उन्होंने बताया कि शालीमार टाउनशिप स्थित स्काई कॉर्पोरेट बिल्डिंग में यश की 102 नंबर की दुकान है, जबकि 103 नंबर की दुकान उन्होंने लीज पर ली थी, जिसे हाल ही में पब संचालकों ने खाली करवा लिया। बताया गया कि इसी बिल्डिंग की पहली मंजिल पर 102 से 110 नंबर तक स्ट्राइगर पब संचालित होता है और दोनों के लिए आने-जाने का रास्ता व लिफ्ट एक ही है। यश का आरोप है कि पब के कर्मचारियों से प्रॉपर्टी को लेकर लगातार विवाद होता रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी उनकी दुकान के बाहर बैठने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद करीब 20 से ज्यादा बाउंसर और कर्मचारियों ने उन्हें घेर लिया। अगले दिन जब वे बातचीत के लिए पहुंचे, तो देवेन्द्र पटेल से कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। यश का यह भी आरोप है कि पुलिस ने बिना पूरी जांच के केवल वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। इधर, मामले में अब करणी सेना सक्रिय हो गई है। संगठन के पदाधिकारी सोमवार को पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे।

### चलती कार में अचानक लगी आग तत्परता के कारण टला बड़ा हादसा



**इंदौर।** ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तत्परता रविवार को काम आई। इसकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। पलासिया चौराहे पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार के चालक को पता ही नहीं चला कि कार में आग लगी है, पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार को रुकवाया और पानी डालकर आग पर काबू पाया। रविवार रात को एक कार साकेत नगर से पलासिया होते हुए घंटाघर की ओर जा रही थी। पलासिया चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक जवान मनोज शर्मा की नजर कार पर पड़ी तो उन्होंने देखा कि कार के इंजन के नीचले हिस्से से आग की लपटे उठ रही है। उन्होंने तुरंत ही कार चालक को गाड़ी रोकने के लिए कहा और पलासिया चौराहे से घंटाघर की ओर जाने वाली रोड पर ही कार रुकवा दी और कार चालक को तुरंत बाहर आने को कहा। जैसे ही कार चालक बाहर आया तो वह भी कार में आग देख हैरान रह गया और घबरा गया, जिसके तुरंत ट्रैफिक पुलिस जवानों ने शांत करवाया। इस दौरान वहां पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सुबेदार ब्रजराज अजनार, आरक्षक मनोज शर्मा, आरक्षक पवन और सैनिक सूरज ने तुरंत ही तत्परता दिखाते हुए पहले पानी की बोतल से फिर पानी की 20 लीटर की पानी की कुप्पी भरकर लाए और पानी डालकर आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### झगड़ा सुलझाने आए दोस्त फिर भिड़े, चाकू और गोलियां चलीं, 2 गिरफ्तार, एक फरार

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रविवार रात चाय कैफे पर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब के पैसों को लेकर शुरू हुए झगड़े में चाकू और पिस्टल दोनों चल गए। हालांकि गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्कीम नंबर 78 स्थित चाय चौकी कैफे की है। दोनों पक्ष पहले से परिचित थे और पुराने झगड़े को सुलझाने के लिए मिले थे। लेकिन बातचीत के दौरान शराब के पैसे को लेकर फिर विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग तक पहुंच गया। ऋषभ राजपूत ने पुलिस को बताया कि आर्यन पटेल और निखिल उर्फ हैनी ने उससे शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी और आर्यन ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं आर्यन का आरोप है कि ऋषभ ने पहले हमला किया और फिर अपनी एक्टिवा से पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से 2-3 फायर कर दिए। लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक, दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने ऋषभ और आर्यन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि निखिल उर्फ हैनी फरार है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल कहां से लाई गई थी। साथ ही आर्यन के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

**जगदीश नगर इलाके में नगर निगम का एक्शन : शिकायत के बाद की कार्रवाई**

# अवैध कॉलोनी में बनाए जा रहे 12 रो हाऊस पर चली पोकलेन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम की रिमूवल टीम ने सोमवार को बाणगंगा इलाके के जगदीश नगर में अवैध कॉलोनी में बनाए जा रहे रो-हाउस को तोड़ने की कार्रवाई की। नगर निगम को इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद टीम ने एक्शन लिया। नगर निगम की रिमूवल टीम 3 पोकलेन मशीन और 70 से ज्यादा निगमकर्मियों के साथ इलाके में पहुंची और अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की।

**नगर निगम को मिली थी शिकायत**

नगर निगम के रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि नगर निगम के कॉलोनी सेल डिपार्टमेंट में शिकायत



मिली थी कि सर्वे क्रमांक 242/1 पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है, जहां रो-हाउस बनाए जा रहे हैं।

भूमाफिया दिनेश साहू के बेटे शुभम साहू इन रो-हाउस को बना रहा था। क्षेत्रीय भवन अधिकारी को शिकायत मिली थी, जिसके बाद उन्होंने यहां का मौके पर मुआयना किया। इसके बाद भवन अनुज्ञा से संबंधित कार्रवाई पूरी की गई और यह कार्रवाई की गई।

**12 रो-हाउस बन रहे थे, कुछ अंडर कंस्ट्रक्शन थे-** अंकेश ने बताया कि यहां 12 रो-हाउस बन रहे थे। इनमें कोई नहीं रह रहा था, इसलिए इन्हें तोड़ा गया है। यहां किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं हुआ। ये 5 से 10 हजार स्क्वेयर फीट में तैयार हो रहे थे। इन रो-हाउस में 6 बनकर तैयार हो गए थे, जिनमें पुट्टी का काम भी हो गया था, जबकि 6 रो-हाउस अंडर कंस्ट्रक्शन थे।

**रात में कब्जा, दिन में सौदेबाजी-** आरोप है कि दिनेश साहू खासगी ट्रस्ट सहित कई जमीनों पर अवैध कब्जा जमाकर बैठा था। रात के अंधेरे में तेजी से निर्माण कर हजारों वर्ग फीट जमीन पर सैकड़ों अवैध मकान खड़े कर दिए गए। इन मकानों को बिना किसी वैध अनुमति के खुलेआम बेचा जा रहा था, जिससे भोले-भाले खरीदारों के साथ धोखाधड़ी हो रही थी।

### नकली घी कांड का आरोपी रह चुका भूमाफिया दिनेश साहू

बता दे कि कुछ दिनों पहले ही नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने अवैध कॉलोनी को लेकर अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिए थे, जिसके बाद से निगम के अधिकारी लगातार अवैध कॉलोनी काटने वालों पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक पास में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी जदनीश नगर पर भी जल्द बुलडोजर चलाया जाएगा, जहां सड़कें तक बना दी गई हैं। सीनियर फूड इंस्पेक्टर मनीष स्वामी ने बताया कि 2014 में फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट और नगर निगम ने दिनेश साहू के यहां संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 1 ट्रक नकली घी जब्त किया था, जिसके बाद इसके कई सैंपल फेल हुए थे। ये मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि इसके बाद इसने ये बिजनेस बंद कर दिया था। दिनेश के बेटे पर भी पहले कार्रवाई हो चुकी है। इधर, सूत्रों का कहना है कि दिनेश साहू ने जमीन के खेल में अपने बेटे शुभम को भी उतार दिया था। जिसके बाद ये अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी, जिसकी शिकायत के बाद नगर निगम ने आज कार्रवाई की है।

**थमने का नाम नहीं ले रहा वंदे मातरम् विवाद : मालिनी गौड़ ने कहा**

# हम ऐसे लोगों से वोट ही नहीं मांगते

### आकाश विजयवर्गीय ने कहा-ऐसे लोग देशद्रोही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम बजट परिषद के दौरान शुरू हुआ वंदे मातरम् का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इंदौर में बीजेपी विधायक मालिनी गौड़ ने ऐलान किया है कि वह उन जगहों पर वोट मांगने भी नहीं जाती, जहां लोग वंदे मातरम् नहीं बोलते हैं। वहीं आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि जो लोग वंदेमातरम नहीं बोलते वो लोग आतंकी से कम नहीं हैं, ये लोग देशद्रोही हैं।



बीजेपी विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि जो इस देश में रहेगा, उसे वंदे मातरम् और भारत माता की जय बोलना ही होगा। यह देशभक्ति से जुड़ा विषय है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने दिवंगत नेता लखन दादा का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी यही कहते थे और वह स्वयं भी उसी विचारधारा पर चलती हैं। मुझे उनके वोट भी नहीं चाहिए जो वंदे मातरम् नहीं बोलते और भारत माता की जय नहीं बोलते। वहीं पूर्व मंत्री व विधायक ऊषा ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम् गाना होगा, नहीं तो भारत से जाना होगा।

मालिनी गौड़ ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम् या भारत माता की जय बोलने से परहेज करते हैं, उनके वोट की उन्हें आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे क्षेत्रों में वे चुनाव प्रचार के लिए भी नहीं जातीं। विधायक के इस बयान के बाद पहले से चल रहा वंदे मातरम् विवाद और तेज हो गया है। राजनीतिक हलकों में इस बयान को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

विवाद में आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि ये तो भाजपा का शासन, मोदी जी की सरकार है। आरएसएस जैसी संस्था है। वरना वंदे मातरम् पर आपत्ति लेने वाले लोग अवसर मिलने पर देश और समाज का बड़ा नुकसान कर सकते हैं।

### ई रिक्शा बेलगाम, न तय किराए से चलते हैं, न रुट के हिसाब से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में तेजी से बढ़ते ई-रिक्शा अब यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। तय नियमों और किराए की अनदेखी, मनमाना संचालन और प्रशासनिक ढिलाई के चलते सड़कों पर अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। इंदौर की सड़कों पर दस हजार से ज्यादा ई-रिक्शा चल रहे हैं, और उनमें से ज्यादातर बिना नियमों का पालन किए संचालित हो रहे हैं। वे सड़क पर कहीं भी सवारी के लिए खड़े हो जाते हैं।

परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा का किराया तय किया है, लेकिन चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं। डेढ़ साल पहले किराए को लेकर आदेश जारी हुआ था, जिसमें दो किलोमीटर तक प्रति यात्री दस रुपये और उसके बाद प्रति किलोमीटर पांच रुपये किराया तय किया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण इसका पालन नहीं हो रहा है। भोपाल में ई-रिक्शा दुर्घटना के बाद इंदौर और भोपाल में स्कूली बच्चों के परिवहन पर रोक लगाई गई थी, लेकिन कई छोटे स्कूल अब भी ई-रिक्शा का उपयोग कर रहे हैं। इंदौर के राजवाड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा की आवाजाही और पार्किंग पर प्रतिबंध है, फिर भी वहां ई-रिक्शा खड़े देखे जा सकते हैं।


# फर्जी ट्रेडिंग ऐप से 1.16 करोड़ की ठगी

### दो आरोपी गिरफ्तार, खाते और सिम देते थे किराए पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप के जरिए एक व्यक्ति से 1 करोड़ 16 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली गई। साइबर पुलिस ने इस मामले में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इंदौर साइबर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे शेयर मार्केट में अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 1 करोड़ 16 लाख 39 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान अपराध क्र 95/2025 के तहत धारा 318(4), 319(2)



बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 66(डी) में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी आकाश चौहान और आशीष उर्फ दीपक यादव कमीशन के बदले अपने बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जाता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 8 अप्रैल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

### पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी, अब होगी एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिला कोर्ट ने एक पति द्वारा पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी करने के मामले में कार्रवाई के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि युवक ने पहले प्रेम विवाह किया, लेकिन बाद में पारिवारिक सहमति से दूसरी शादी कर ली। जब पहली पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो उसने आपत्ति दर्ज कराई। इसी दौरान पति ने तलाक का केस लगाया, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

हाईकोर्ट अधिवक्ता पवन राय के अनुसार, नंदानगर निवासी नितिन एक व्यापारी है। उसने अप्रैल 2016 में रीना नाम की महिला से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद कुछ वर्षों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन दंपती को संतान नहीं हुई। वर्ष 2018 के बाद नितिन, रीना से अलग रहने लगा। इसी बीच वर्ष 2021 में नितिन ने सोनम से दूसरी शादी कर ली। सोनम को नितिन की पहली शादी की जानकारी थी, इसके बावजूद पारिवारिक सहमति से दोनों का विवाह हुआ। जब रीना को इसकी जानकारी मिली तो उसने आपत्ति जताई। इस दौरान नितिन ने कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन दिया, जिसकी सूचना नोटिस के माध्यम से रीना को मिली।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

### छावनी मंडी की जमीन पर कानूनी पेंच के कारण अटका मेगा प्रोजेक्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर की वर्षों पुरानी छावनी अनाज मंडी को आधुनिक सुविधाओं के साथ मोरोद में शिफ्ट करने की महत्वाकांक्षी परियोजना एक बार फिर अटक गई है। करीब 15 साल से प्रस्तावित इस प्रोजेक्ट से इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने खुद को अलग कर लिया है, जिससे प्रस्तावित ग्रेन मार्केट और ट्रांसपोर्ट नगर की योजना अधर में लटक गई है। दरअसल, छावनी अनाज मंडी को मोरोद में करीब 310 एकड़ जमीन पर विकसित किया जाना था। योजना के तहत मौजूदा मंडी की कीमती जमीन आईडीए को व्यावसायिक विकास के लिए दी जानी थी, ताकि परियोजना की लागत की भरपाई हो सके। मंडी सूत्रों के अनुसार, छावनी मंडी की जमीन मूल रूप से दान स्वरूप प्राप्त हुई थी। ऐसे में इसका आईडीए को हस्तांतरण कानूनी रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया। इसी वजह से प्रोजेक्ट कानूनी उलझनों में फंस गया।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शातिलाल दसेड़ा के घर के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGRAWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com